

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | शुक्रवार, 05 दिसंबर 2025 | वर्ष: 03, अंक: 274 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## सरकारी कर्मचारियों को एसआईआर ड्यूटी निभानी होगी

### सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के दौरान बीएलओ की मौत पर चिंता जताई, काम का बोझ कम करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली**
उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में लगे बीएलओ को राहत दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने एसआईआर वाले राज्यों को निर्देश दिया है कि बीएलओ पर दबाव कम करने के लिए अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती करें। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अगर कोई बीएलओ व्यक्तिगत कारणों से एसआईआर का कार्य करने में सक्षम नहीं है, तो उचित कारणों की स्थिति में उन्हें राहत देने पर विचार किया जाए। किसी दूसरे को काम पर लगाया जाए। कोर्ट ने साफ किया कि राहत न मिलने की स्थिति में संबंधित बीएलओ कोर्ट का रुख भी कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एसआईआर के दौरान अगर किसी बीएलओ की मौत होती है, तो मुआवजे के लिए बाद में अर्जी दाखिल की जा सकती है। कोर्ट में तमिल अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके की ओर से दाखिल याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। याचिका में मांग की गई है कि एसआईआर के दौरान अगर बीएलओ की ओर से कोई गलती होती है, तो उसके लिए निर्वाचन आयोग को जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 32 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने से रोका जाए। टीवीके की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में बीएलओ पर कई एफआईआर दर्ज कराई है। उन बीएलओ में अधिकांश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षक हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ सुबह अपने मूल ड्यूटी पर जाते हैं, उसके बाद विशेष गहन पुनरीक्षण के काम में लग जाते हैं। यूपी में एक बीएलओ को अपनी शादी में जाना था और उसने छुट्टी मांगी थी। उसे निलंबित कर दिया गया, जिसके बाद उसने फांसी लगा ली। तब उच्चतम न्यायालय ने कहा कि निर्वाचन आयोग खुद काम नहीं कर सकता और इसके लिए राज्य सरकार की मदद लेनी होगी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि बीएलओ पर एसआईआर के काम का डाला जा रहा दबाव एक हकीकत है। आखिरकार यूपी जैसे बड़े राज्य में केवल एक महीने ही क्यों दिए जा रहे हैं, जबकि विधानसभा का चुनाव 2027 में होना है।



### संजय सिंह ने एसआईआर पर चर्चा का नोटिस दिया

वहीं जब याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले का उल्लंघन है, तो इस पर बेंच ने जवाब दिया, 'अगर आपको लगता है कि आदेश की अवमानना हुई है तो अवमानना याचिका दायर कीजिए।' बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2023 में एक महत्वपूर्ण फैसला दिया था जिसमें कहा गया था कि 'किसी भी संपत्ति को तोड़ने से पहले नोटिस देना और 15 दिन का जवाब देने का समय देना अनिवार्य है।'

## 'सुप्रीम आदेश': यूपी में एक हफ्ते तक नहीं चलेगा बुलडोजर!

**नई दिल्ली**
उत्तर प्रदेश में घर और मैरिज हॉल के कथित अवैध निर्माण पर की जा रही कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को याचिकाकर्ताओं को एक हफ्ते की अंतरिम सुरक्षा दी है। इस दौरान अदालत ने स्पष्ट कहा कि अगले सात दिनों तक दोनों पक्ष स्टेटस को बनाए रखें, यानी अब इस अवधि में आगे कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।


**याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने का सुप्रीम निर्देश**
मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच, जिसमें जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता शामिल रहे, ने कहा कि याचिकाकर्ता अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में मामला उठाएं और वहां से राहत लें। इस दौरान बेंच ने शुरू में पूछा कि याचिकाकर्ता सीधे सुप्रीम कोर्ट क्यों आए, जबकि पहले उन्हें हाईकोर्ट जाना चाहिए था। वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही 'बुलडोजर न्याय' के विषय पर फैसला दे चुकी है और इसलिए वे सीधे यहां आए हैं। इस पर अदालत ने कहा, 'अगर हर कोई सीधे सुप्रीम कोर्ट आ जाएगा तो अनुच्छेद 226 (यानी हाईकोर्ट की शक्तियां) का क्या मतलब रह जाएगा'

### बिना नोटिस तोड़ा गया ढांचा- याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि एक याचिकाकर्ता की उम्र 75 वर्ष है, उन्होंने प्रशासन से नोटिस और सुनवाई की मांग की थी, लेकिन बिना किसी नोटिस के ढांचे में आंशिक तोड़फोड़ कर दी गई। वकील ने आगे कहा कि अभी भी बुलडोजर मौके पर मौजूद हैं और कभी भी पूरा ढांचा गिराया जा सकता है। इस पर अदालत ने कहा, 'हम एक हफ्ते की सुरक्षा दे देते हैं, इस दौरान आप हाईकोर्ट में जाइए और तत्काल सुनवाई की मांग करें।'

**यह सुरक्षा सिर्फ सात दिन के लिए- सुप्रीम कोर्ट**
सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई यह सुरक्षा सिर्फ सात दिन के लिए है। इस आदेश से इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर कोई दबाव नहीं होगा। हाईकोर्ट मामले को अपने स्तर पर और अपने नियमों के अनुसार देखेगा।

## रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में 5.08 लाख नौकरियां दी



**नई दिल्ली**
रेलवे में नौकरी तलाश रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रेल मंत्रालय ने संसद में जानकारी दी है कि साल 2024 और 2025 में कुल 1,20,579 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में 5.08 लाख नौकरियां दी हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। रेल मंत्री ने संसद में बताया कि रेलवे भर्ती को लेकर सरकार का रोडमैप क्या है?
रेल मंत्री ने बुधवार को संसद में एक लिखित उत्तर में जानकारी दी कि भारतीय रेलवे का नेटवर्क विशाल है। नियमित संचालन, नई तकनीकों का आगमन, मशीनीकरण और रिटायरमेंट जैसी प्रक्रियाओं के चलते लगातार मैनपावर की जरूरत पड़ती है, जिसे भरने के लिए समय-समय पर भर्ती एजेंसियों के माध्यम से नियुक्ति की जाती हैं। वर्ष 2024 और 2025 में भारतीय रेलवे ने कुल 1,20,579 रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। इसके साथ ही उन्होंने पिछले 11 वर्षों के आंकड़ों की तुलना भी पेश की। 2014-15 से 2024-25 तक रेलवे ने 5.08 लाख लोगों को नौकरियां दी हैं। जबकि 2004-05 से 2013-14 तक यूपीए सरकार ने 4.11 लाख नौकरियां दी थीं। रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे में भर्ती निकलना एक सतत प्रक्रिया है। जो परिचालन और तकनीकी आवश्यकताओं पर निर्भर करती है। उन्होंने 2024 और 2025 के लिए भर्तियों का ब्यौरा भी दिया है। साल 2024 जनवरी से दिसंबर तक 92,116 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। इनमें सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, रेलवे सुरक्षा बल में सब-इंस्पेक्टर और कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर (खए), नॉन-टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरीज ग्रेजुएट और अंडर-ग्रेजुएट), पैरामेडिकल स्टाफ और लेवल-1 (ट्रैक मेंटेनर, पॉइंट्समैन आदि)।

## राज्यसभा में नियम 267 के दुरुपयोग पर सभापति ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।**
राज्यसभा में गुरुवार को नियम 267 के तहत चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर तुरंत चर्चा न होने को लेकर गहरी आपत्ति जताई और कहा कि सरकार लगातार संवेदनशील विषयों को टाल रही है। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने मल्लिकाअर्जुन खड़गे की आपत्तियों पर प्रतिक्रिया देते हुए सभापति सीपी राधाकृष्णन कहा कि यह व्यवस्था उन्होंने नहीं की है बल्कि पहले से सदन द्वारा अपनाई जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम 267 का उद्देश्य केवल उसी दिन सूचीबद्ध कार्य से संबंधित किसी नियम को विशेष परिस्थिति में स्थगित करना है, न कि असूचीबद्ध विषयों पर चर्चा की मांग करना।



4


1

# डीएम ने हसनपुर में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

## जिलाधिकारी ने टी.बी. मरीजों को पोषण पोटली एवं आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड किया प्रदान

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने गॉव की समस्या, गॉव में समाधान के अन्तर्गत आज ग्राम-घनश्याम नगर उर्फ हसनपुर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित किया जाय। उन्होंने चौपाल में उपस्थित किसानों से कहा कि अपना धान क्रय केंद्र पर ही विक्रय करें एवं पराली न जलाएं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़कर योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से पूॅछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, बच्चों को पाठ्य पुस्तक का वितरण हुआ या नहीं तथा ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं, जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से गांव के सबसे नजदीक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी पर ग्रामवासियों ने बताया कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है।





जिलाधिकारी ने ग्राम में स्थित सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता एवं साफ सफाई की स्थिति की सत्यापन करवाया, क्रियाशीलता व साफ सफाई की स्थिति ठीक पाई गई। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं टी.बी.मरीजों को पोषण पोटली प्रदान किया तथा महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम में स्थित आर.आर.सी. सेन्टर को शीघ्र क्रियाशील कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय, हसनपुर में 19 पैरामीटर के अंतर्गत कराए गए कार्यों का सत्यापन भी करवाया। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी (पं.) को रोस्टर बनाकर विद्यालय,आंगनबाड़ी केंद्र एवं गांव की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने ग्रामवासियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वे का कार्य कर लिया गया है, पात्र पाए गए लोगों को शीघ्र ही लाभान्वित किया जाएगा।

## डीपी एक्ट में 3 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना बिन्दकी पुलिस द्वारा डीपीएक्ट से संबधित वांछित अभियुक्तगण लवकुश पुत्र फूलचन्द्र उम्र करीब 22 वर्ष . फूलचन्द्र पुत्र स्व0 पूरन उम्र 48 वर्ष निवासीगण टिकरी मनौटी थाना बिन्दकी , अमित कुमार पुत्र राकेश उम्र करीब 33 वर्ष निवासी लाहौरी मोहल्ला महाजनी गली कस्बा व थाना बिन्दकी फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना औंग पुलिस द्वारा चोरी से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त राजकिशोर पुत्र रामदीन पाल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कृष्णपुर मजरे शिवराजपुर थाना औंग जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## जिलाधिकारी ने की पीएम, सीएम. इंटर्नशिप योजना की प्रगति की समीक्षा



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज कार्यालय कक्ष में पी.एम./सी.एम. इंटर्नशिप योजना की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने इंटर्नशिप लक्ष्य 300 के सापेक्ष अब तक 119 की ही प्रगति पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए नोडल/प्रधानाचार्य आई.टी.आई. सिराथू यजुर्वेदनाथ से कहा कि कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों से समन्वय कर पात्र युवाओं को अप्रेंटिस कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उपायुक्त उद्योग से समन्वय कर निजी क्षेत्र में भी पात्र युवाओं को अप्रेंटिस कराया जाए, ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।

बैठक में नोडल/प्रधानाचार्य आई.टी.आई. सिराथू ने कहा कि 08 दिसंबर,2025 को आईटीआई, सिराथू में अप्रेंटिस मेला का आयोजन किया जा रहा है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फतेहपुर के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

*सोशल मीडिया सेल*
*जनपद फतेहपुर*

## एसएसपी ने थाना नरसेना लूट की घटना के सफल अनावरण होने पर स्वाट एवं फील्ड युनिट टीम को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर।** 5 सितंबर को थाना नरसैना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा सरार्फा व्यापारी से 01 बैग जिसमें पीली व सफेद धातु के आभूषण व नकदी छीन कर भाग जाने की घटना कारित की गयी थी। जिसमें दिनांक 10.09.2025 को पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में 03 अभियुक्तों को 04 किलो 550 ग्राम (सफेद धातु), नाक की लौंग (77 पीस, पीली धातु), 02 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा, 02 खोखा कारतूस तथा 01 अपाचे बाइक सहित गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया था।

इसी क्रम में गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा स्वाट टीम एवं फील्ड यूनिट टीम की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

## गंगा स्नान करने आई महिलाओं को किया गया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** शासन के दिशा-निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0, नए आपराधिक कानूनों की जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा अभियान के तहत विभिन्न थानों में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए, जिनमें महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों, नए कानूनों एवं हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

थाना कौशाम्बी झ एंटीरोमियो स्क्वाड द्वारा ग्राम बिजिया में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध, तीनों नए आपराधिक कानूनों एवं महिला सुरक्षा से संबंधित सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही मिशन शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा व स्वावलंबन से जुड़े अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया।

थाना कड़ाधाम झ एंटीरोमियो स्क्वाड द्वारा कुबरी घाट व शीतलाधाम मंदिर परिसर में महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं शासन की हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया।

## प्रयागराज से पहली बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बने डॉ आशुतोष चौधरी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** विशाखापट्टनम में आयोजित इंडियन ऑर्थोडॉंटिक सोसाइटी के 59 वां वार्षिक सम्मेलन आज संपन्न हुआ। अखिल भारतीय चुनाव को जीतकर प्रयागराज के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ आशुतोष चौधरी कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए है। यह गर्व का का विषय है कि प्रयागराज से पहली बार कोई ऑर्थोडॉन्टिस्ट राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य चुना गया है।डॉ आशुतोष चौधरी इंडियन डेंटल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन प्रयागराज के उपाध्यक्ष समेत अन्य पदों पर रहे हैं।

डा आशुतोष चौधरी आईडीए देवप्रयाग अवार्ड, आईडीए बेस्ट इंट्रोड्यूसर अवार्ड, आइडीए सूर्य कोली मेमोरियल अवार्ड, आईडीए यूपी स्टेट बेस्ट सीडीएच ऐक्टिविटी अवार्ड समेत अनेक सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। अभी तक कई नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर के लिए आयोजित कर चुके हैं,सम्प्रति प्लेनेट डेंटल क्लीनिक, सिविल लाइन्स के डायरेक्टर हैं जबकि डा आशुतोष चौधरी की माता डा शांती चौधरी मेडिकल कालेज में डाक्टर थी।

## गैंगेस्टर का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** थाना मुट्ठीगंज पुलिस द्वारा थाना करैली के पंजीकृत मुकदमा उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द और समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधि0 1986 से सम्बन्धित गैंगेस्टर का वांछित अभियुक्त सलीम उर्फ राजा पुत्र मो0 शफीक निवासी मुन्ना मस्जिद जिकरा माडल स्कूल के सामने गली जफीर की पुलिया,गौस नगर थाना करैली जनपद प्रयागराज मूल पता ग्राम असरावल कला थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को उसके घ? गौस नगर थाना क्षेत्र करैली से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

अरुण कुमार सिंह थाना प्रभारी मुट्ठीगंज. उ0नि0 राहुल कुमार सिंह. उ0नि0 सूर्यकान्त सिंह. उ0नि0 लवकुश वर्मा थाना मुट्ठीगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## मजदूरी करने पैदल जा रहे दो मजदूरो को ट्रैक्टर ने कुचला दोनों मजदूरों की मौत

### मजदूरों को कुचलने के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर पल्टा



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मुजाहिद पुर गांव से दो मजदूर गुरुवार की सुबह 4:00 बजे मजदूरी करने के लिए सड़क पर पैदल जा रहे थे जैसे ही मजदूर चंदवारी मोड़ के पास पहुंचे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने दोनों मजदूरों को कुचल दिया है जिससे दोनों मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों मजदूरों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलते ही घर परिवार के लोग रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मुजाहिद पुर के रहने वाले अजय कुमार सरोज उम्र 20 वर्ष पुत्र रमेश सरोज वा लवकुश उम्र 19 वर्ष पुत्र देवनारायण गुरुवार की सुबह 4 बजे घर से हर्रायपुर मजदूरी करने के लिए पैदल जा रहे थे जैसे ही दोनों मजदूर चंदवारी मोड़ के पास पहुंचे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने दोनों मजदूरों को कुचल दिया है

जिससे दोनों मजदूरों की घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पलट गया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक दोनों मजदूरों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पहुंच गए हैं।

## डीएम ने की स्वच्छ भारत मिशन समिति की बैठक

### सभी आर.आर.सी.. सेन्टर की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश

सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल ने उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन फेज-02 के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों को प्रथम किस्त एवं द्वितीय किस्त के हस्तान्तरण की जानकारी प्राप्त करते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष शौचालय निर्माण में और प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर सहायक विकास अधिकारी (पं0) सरसवा का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए सभी सहायक विकास अधिकारियों (पं0) को व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से जनपद में स्थापित आर.आर.सी.. सेन्टर की क्रियाशीलता की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सहायक विकास अधिकारियों (पं0) से कहा कि आर.आर.सी.. सेन्टर की क्रियाशीलता सुनिश्चित कर लिया जाए। आगामी माह में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा आर.आर.सी.. सेन्टर की क्रियाशीलता की सत्यापन कराई जाएगी, आर.आर.सी.. सेन्टर क्रियाशील न पाए जाने पर संबंधित सहायक विकास अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।




जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान शेष 03 सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने एवं सभी सामुदायिक शौचालयों को संचालित रखने के भी निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक शौचालयों में तैनात केयर टेकर का भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोबर्धन योजना के अन्तर्गत ग्राम बिदांव एवं टेंवा में निर्मित बायोगैस प्लॉन्ट यूनिट की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित ए.डी.ओ.(पं0) को प्लान्ट का संचालन सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## प्रतिदिन एक अच्छा कार्य अवश्य करें : आर एस वर्मा

### स्काउट एवं गाइड से जीवन में आगे बढने की मिलती है सीख : पंकज जायसवाल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज प्रयागराज में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रथम द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण आज संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस आरएस वर्मा, ज्योति मिश्रा ने प्रबंधक पंकज जायसवाल एवं प्रधानाचार्य श्रीमती नीना प्रजापति के साथ ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। प्रधानाचार्या ने प्रबंधक को पुष्प स्वागत एवं आभार व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणा से विद्यालय के सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं।

कैंप का संचालन आरएन शुक्ला, डॉ नसरीन रिजवी, श्रीमती अर्चना जायसवाल, श्रीमती सुधा शुक्ला, श्रीमती शिखा कनौजिया, एवं श्रीमती पूजा गुप्ता ने किया।

तीन दिवसीय कैंप में 135 बच्चों ने प्रतिभाग किया। लगातार कड़ी मेहनत करते हुए प्राथमिक चिकित्सा टीमवर्क विभिन्न प्रकार की गांठे ध्वजारोहण ,प्राकृतिक आपदाओं में किए जाने वाले राहत कार्य तथा स्वयं निर्णय लेने जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।



मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस आर एस वर्मा ने छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप एक अच्छा नागरिक बनने की कोशिश करना और प्रतिदिन एक अच्छा कार्य अवश्य करना, अपना शारीरिक ,मानसिक संवेगात्मक और आध्यात्मिक विकास करना।

विशिष्ट अतिथि ज्योति मिश्रा ने छात्राओं से कहा कि स्काउट गाइड शिक्षा के पांच मूलाधार चरित्र गठन, स्वास्थ्य ,बाल कौशलों के विकास समाज सेवा तथा ईश्वर के प्रति कर्तव्य पालन के सतत अभ्यास से जीवन की चुनौतियों के लिए अपने को तैयार करना है आप सभी देश के भविष्य हैं। विद्यालय के प्रबंधक पंकज जायसवाल ने छात्र - छात्राओं से कहा कि समस्त स्काउट एवं गाइड को शिविर के दौरान होने वाले समस्त कार्यक्रमों में बढ़ - चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए, जिससे कि उन्हें भावी जीवन में किसी भी प्रकार की विषम परिस्थितियों से निपटने के योग बनाया जा सके। प्रधानाचार्य श्रीमती नीना प्रजापति ने कहा कि स्काउट गाइड कम संसाधन में उचित जीवन की प्रेरणा है तथा अनुशासन में रहना सीखना है। छात्राएं स्काउट गाइड के नियमों का अपने दैनिक जीवन में पालन कर अनुशासित एवं सुखी रह सकते हैं पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्येतर क्रियाएं भी जरूरी है हमारे विद्यालय में समय-समय पर पाठ्येतर क्रियाएं होती रहती हैं। श्रीमती अर्चना जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या प्रो अर्चना पाठक, डॉ इभा सिरोठिया, डॉ रंजना त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य श्रीमती आशा श्रीवास्तव, ऋतु अरोरा , वंदिता अस्थाना, डा मधुसिंह , रेहा इदरीस , मऊ बसु ,रुचि सिंह , कांता सैनी , कांता वर्मा , सुषमा भारती , दीपा भारती , पूजा कक्कड़, शारदा कुमारी, आकांक्षा सिंह , विमला सिंह सहित अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## रोजगार सृजन सम्बन्धी कार्यक्रमों की डीएम ने की समीक्षा

### अधिकारियों को विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश

**कौशांबी ।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उ0प्र0 रोजगार मिशन की जिला कार्यकारी समिति तथा रोजगार सृजन सम्बन्धी कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी द्वारा एस.एस.डी.एफ. की समीक्षा के दौरान जिला समन्वय,कौशल विकास मिशन ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य 425 के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति इस माह पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को स्वयं सहायता समूहों के गठन, आर.एफ., सी.आई.एफ. एवं सी.सी.एल. में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त श्रम रोजगार को मानव दिवस सृजन में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने एवं प्रधानाचार्य आई.टी.आई. को रोजगार मेला 700 लक्ष्य एवं अप्रेन्टिशिप 300 लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को एक जनपद-एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रगति लाने के साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में भी प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत लक्ष्य 2180 के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला सेवा योजना अधिकारी से कहा कि रोजगार दिए गए अभ्यर्थियों का फॉलोअप भी किया जाए।

उन्होंने बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित संख्या में रोजगार मेलें का आयोजन न किए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# राहुल, अखिलेश, ममता के चक्कर में ना पड़े, सभी भरें एसआईआर : डिप्टी सीएम

## कहा कि लोकतंत्र की मजबूती को मतदाता सूची के शुद्धिकरण का चल रहा अभियान

**एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा किया जा रहा साकार**

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जा रहे एसआईआर को लेकर आज बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मतदाता सूची शुद्धिकरण के इस कार्यक्रम में कोई मतदाता ना छूटे इसके लिए देश और प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते बीजेपी काम कर रही है। उन्होंने कहा है कि इसको लेकर पार्टी ने सीएम और दोनों डिप्टी सीएम को 25 - 25 जिलों की जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसी के तहत प्रयागराज से वह इसकी शुरूआत कर रहे हैं।

सीएम ममता बनर्जी द्वारा एस आई आर तत्काल बंद करने की मांग पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पलटवार किया है। ?उन्होंने कहा कि मैं सभी बीएलओ भाई, बहनों से यही कहूंगा कि वह ना ममता बनर्जी, ना ही राहुल गांधी और ना ही अखिलेश यादव के चक्कर में पड़े। उन्होंने कहा कि ना ही एसआईआर का विरोध करने वालों के चक्कर में पड़े। बीएलओ अपने कर्तव्य का ईमानदारी से जिम्मेदारी के साथ पालन करें।

उन्होंने कहा कि आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं होता है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची के शुद्धिकरण का अभियान चल रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा है कि जो स्वर्गीय मतदाता है, उनका नाम मतदाता सूची से हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोगों ने मतदाता सूची में कुछ घुसपैठिए का नाम डाल दिया है। उनका नाम भी हटना चाहिए। किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर है वह भी एक स्थान पर होना चाहिए। युवा मतदाताओं का भी नाम मतदाता सूची में जुड़ना चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा है कि मतदाता



सूची पुनरीक्षण एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया यह पहले भी होती रही है। डिप्टी सीएम ने कहा है कि चूंकि भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है और बिहार में भी ऐतिहासिक विजय फिर से हुई है। इससे विपक्षी बौखला गए हैं और गलत बयान बाजी कर रहे हैं। लेकिन जनता पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

कांग्रेस के पंचायत चुनाव अकेले लड़ने के सवाल पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कहा है कि यह कांग्रेस की समस्या है। चाहे वह अकेले लड़े या मिलकर लड़े लेकिन कमल ही खिलेगा। वहीं अखिलेश यादव के इस बयान पर कि अगर वोट का अधिकार नहीं है तो आरक्षण खत्म कर देना चाहिए पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव जब से बिहार चुनाव से लौटे हैं। वह अस्वस्थ हो गए हैं और उनका मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया है। वह 2027 में यूपी में सत्ता के निकट खुद को देख रहे थे। लेकिन 2047 तक उनके सत्ता में वापस आने की संभावना खत्म हो गई है। अखिलेश यादव अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि ना कोई आरक्षण खत्म कर पाएगा और ना ही कोई संविधान को खत्म कर पाएगा।

पीएम मोदी की प्रेरणा से काशी तमिल संगमम्‌ यात्रा फिर से शुरू होने को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा है कि उत्तर प्रदेश आने वाले सभी यात्रियों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि पीएम ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा दिया है जिस नारे को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे प्रदेशों के लोग यूपी में आते हैं और यूपी के लोग या देश के दूसरे राज्यों में जाते हैं। ?उन्होंने कहा कि हमारा देश विशाल है और यहां की बहु संस्कृति है। ऐसी यात्राओं से लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं और यही भारत की एकता का महामंत्र है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने सभी राज्यों को ऐसे ही अभियानों से जोड़ा है।

3

जनवरी से शुरू होने वाले माघ मेले को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा है कि 2017 में यूपी में बीजेपी की सरकार बनने के बाद 2018 से माघ मेले का बजट दो से तीन गुना कर दिया गया है। मेले की व्यवस्थाएं बेहतर हुई हैं। जो साधु, संत, श्रद्धालु और कल्पवासी मेले में आते हैं। उन्हें भी यह लगता है कि माघ मेला कुंभ की तरह है और कुंभ मेला महाकुंभ की तरह है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डाक्टर वी के सिंह,महापौर गणेश केसरवानी, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक पूजा पाल,जिला अध्यक्ष गंगा पार निर्मला पासवान, यमुना पार जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, वरूण केसरवानी, महानगर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, जिला मीडिया प्रभारी गंगापार उमेश तिवारी, श्याम सुंदर दुबे,राघवेंद्र सिंह ,सुभाष वैश्य,डॉ शैलेश पांडे, प्रमोद मोदी,विश्वास श्रीवास्तव, पवन मिश्रा, आदि गंगा पार जमुना पार एवं प्रयागराज महानगर के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## झूंसी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

राम सिंह यादव
सबसे तेज प्रयागराज



**झूंसी प्रयागराज।** थाना झूंसी पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त अमित कुमार सिंह पुत्र द्वारिका सिंह निवासी ग्राम 3/310 आवास विकास कालोनी योजना 3 थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को वारण्टी अभियुक्त के घर आवास विकास कालोनी योजना 3 थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरण***

उ0नि0 अखिल ओझा. उ0नि0 अंशुमान सिंह थाना झूंसी, कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## माघ मेला-2026 : अफसरों ने रेलवे स्टेशनों में तैयारियों का किया निरीक्षण





हनुमान प्रसाद शुक्ल
सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** माघ मेला-2026 की व्यापक तैयारियों को देखते हुए गुरूवार को जिला प्रशासन एवं रेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, प्रयागराज रामबाग तथा झूंसी स्टेशनों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल रजनीश अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान मेला अवधि में श्रद्धालुओं के सुचारु आवागमन हेतु समग्र व्यवस्था और विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्लेटफॉर्म और सकुर्लेटिंग एरिया में मार्गदर्शन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रमुख स्थानों पर ह्यदिशा-निर्देश साइनेजह्ण को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही माघ मेले के दौरान लखनऊ, अयोध्या एवं वाराणसी दिशाओं में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को प्रयाग एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों की ओर उचित रूप से मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु पर्याप्त प्रचार-प्रसार, सूचना प्रसारण तथा उपयुक्त स्थानों पर साइनेज स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी स्टेशनों पर यात्री आश्रयों, कंट्रोल टावर, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली का आकलन किया तथा उन्हें और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। रेल प्रशासन एवं सिविल प्रशासन बेहतर समन्वय से माघ मेला अवधि में यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एसएसपी मेला नीरज कुमार पांडेय,अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद, अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रथम चरण में हटेंगे लगभग 60 हजार एएसडी वोटर्स

### कार्य में रुचि ना लेने पर तीन बीएलओ को नोटिस, एक पर एफआईआर : हीरालाल सैनी

सबसे तेज प्रयागराज



**प्रयागराज।** निर्वाचक रजिस्टीकरण अधिकारी / अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय हीरालाल सैनी ने आज बताया कि विधानसभा - 254 फाफामऊ के अंतर्गत आने वाले नगर निगम और कस्बा नगर पंचायत लालगोपालगंज के बूथों पर डीएम के निदेर्शानुसार आज विशेष अभियान चलाया गया। प्राथमिक विद्यालय गद्दोपुर और रंगपुरा में आयोजित कैंप का निरीक्षण तहसीलदार सोरांव के साथ किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि कई मतदाताओं के नाम गलत हैं या वह स्थानांतरित हो चुके हैं। नई बस्ती के मतदाताओं में असमंजस की स्थिति है कि वह वर्तमान स्थान पर वोट बनाएं या मूल स्थान पर रखें।

निर्वाचक रजिस्टीकरण अधिकारी / अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय हीरालाल सैनी ने बताया कि खराब प्रगति के कारण बूथ नंबर-147 के बीएलओ आनंद त्रिपाठी के विरुद्ध एफआईआर के आदेश दिए गए हैं। 3 अन्य बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

उन्होंने सभी बीएलओं को निर्देशित किया गया है कि अनुपस्थित मतदाताओं की सूची तैयार कर मतदान केंद्रों पर चस्पा करें।

निर्वाचक रजिस्टीकरण अधिकारी / अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय हीरालाल सैनी ने बताया कि मतदाताओं से अपील है कि वह अपना गणना पत्रक कल तक जमा करें, अन्यथा उनका नाम सूची से हटाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ए एसडी वोटर्स (अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक, डुप्लीकेट) के नाम सीधे हटाए जाएंगे। इन्हें कोई नोटिस नहीं दी जाएगी। अब तक 54 हजार से अधिक मतदाता एएसडी के रूप में चिन्हित किए गए हैं। यह संख्या 60 हजार तक पहुंचने की संभावना है। उन्होने कहा कि 16 दिसम्बर को प्रकाशित होने वाली सूची में ये नाम शामिल नहीं होंगे। उन्होने बताया कि विशेष अभियान चलाया जाएगा। मतदाता अपना गणना पत्रक केंद्र पर जमा कर सकते हैं।

## मोक्ष सदन और चैरिटेबल ट्रस्ट, द्वारा दिव्य एवं भव्य आध्यात्मिक समारोह का आयोजन



सबसे तेज प्रयागराज

**वाराणसी।** आज मोक्ष सदन और चैरिटेबल ट्रस्ट, केदार घाट द्वारा गौरी केदारेश्वर मंदिर प्रांगण में संस्था की अध्यक्ष उषा रानी के अध्यक्षता में एक दिव्य एवं भव्य आध्यात्मिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ललिता सहस्रनाम से अर्चना एवं कुमकुमार्चन हुई, जिसमें कुल 51 सुमंगलीयों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की और मां ललिता के चरणों में अपनी सामूहिक भक्ति अर्पित की। इसके उपरांत अन्नपूर्णा जयंती के पावन अवसर पर विशेष गणपति पूजन, मां अन्नपूर्णा पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। कार्यक्रम का आध्यात्मिक वातावरण मंत्रोच्चारण से गूंज उठा, जिसे विद्वान आचार्यों व ब्राह्मणों ने विधि-विधान से संपन्न कराया। इस दौरान मोक्ष सदन एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय द्वारा लगातार डेढ़ घंटे तक नारायण सेवा भी संचालित की गई। यह वही पावन काशी है, जहाँ मां अन्नपूर्णा ने स्वयं शिवजी को भिक्षा प्रदान कर ह्यअन्नदानह्ण की महिमा को विश्व में प्रतिष्ठित किया।

## जल्द अपना एसआईआर फॉर्म जमा कर रिसीविंग जरूर लें=दीपक पटेल

राम सिंह यादव
सबसे तेज प्रयागराज



**सहसों।** जगदेव पुर बरेठी में फूलपुर विधायक दीपक पटेल ने बीएलओ विवेक सिंह के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि कि एस आई आर के द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध किया जा रहा है ये बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। विधायक दीपक पटेल ने अपील किया कि अब तक जिन लोगों ने एस आई आर फॉर्म नहीं भरा है, वे जल्द अपना फॉर्म जमा कर बीएलओ से उसकी रिसीविंग जरूर लें। उन्होंने कहा कि ये भी ध्यान रखा जाय कि फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल न होने पाए । विधायक फूलपुर ने बी एल ओ विवेक सिंह द्वारा शत प्रतिशत एसआईआर बनवाने की तारीफ की और उन्हें अन्य लोगों को भी जागरूक करने का सुझाव दिया। मौके पर में अरुण मिश्रा पिंटू नेता, विधायक मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, भूपेन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## बनारस स्वर्ण कला केंद्र एल एल पी के नये ब्रांड पशुपति का भव्य शुभारंभ

सबसे तेज प्रयागराज



**वाराणसी ।** बनारस स्वर्ण कला केंद्र एल एल पी के नए ब्रांड पशुपति का भव्य शुभारंभ शोरूम के अधिष्ठाता सुनील कुमार जायसवाल व उनकी धर्मपत्नी मंजू जायसवाल द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर बनारस स्वर्ण कला केंद्र एल एल पी पशुपति के निदेशक आशीष जायसवाल ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में ग्राहकों के लिए विशेष 18 कैरेट एवं 22 कैरेट के लाईट वेट हॉलमार्क ज्वेलरी के आकर्षक रेंज उपलब्ध है ।जो मात्र 5000 रुपए से शुरू होती है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रिंस जायसवाल, प्रशांत जायसवाल, आशीष जायसवाल, प्रिया जायसवाल, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह समेत स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।।

## वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे घनपाठी ने चंद्रशेखर द्रविड़ घनपाठी एवं गौरव दीक्षित को किया सम्मानित

सबसे तेज प्रयागराज





**वाराणसी।** 19 वर्षीय वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे को ने छुपे हुए अति प्राचीन राम जानकी मंदिर जाकर चंद्रशेखर द्रविड़ घनपाठी एवं गौरव दीक्षित जो कि छुपे हुए राम जानकी मंदिर के मुख्य अर्चक जगदीश शंकर दीक्षित के पुत्र हैं उन्हें सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे की इस उपलब्धि पर अपने एक्स पर लिखा है कि काशी के सांसद होने के नाते, मुझे इस बात की खुशी है कि यह असाधारण उपलब्धि इस पवित्र नगरी में संभव हुई। उनके परिवार, विभिन्न संतों, ऋषियों, विद्वानों और पूरे भारत के उन संगठनों को मेरा प्रणाम जिन्होंने उनका समर्थन किया। बताते चलें कि वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे ने शुक्ल यजुर्वेद की माध्यंदिनी शाखा के 2000 मंत्रों से युक्त दंडक्रम पारायण को बिना किसी रुकावट के 50 दिनों में पूरा किया हैं। सम्मान पाकर चंद्रशेखर द्रविड़ घनपाठी एवं गौरव दीक्षित ने वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे घनपाठी को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद दिया।

## शालिनी यादव ने कीं पत्रकारवार्ता

### कहा मुझे बदनाम करने कीं है साजिश

सबसे तेज प्रयागराज



**वाराणसी।** विगत 2 दिसंबर 25 को वाराण?सी पुलिस की कार्रवाई किसी मेलोडी स्पा निकट एबी लॉन पर होती है जिसके तत्पश्चात पुलिस शक्ति शिखा सिगरा स्थित फ्लैट के किराएदार के यहां भी कार्रवाई करती है। जिसमें 13 लोगों को देह व्यापार के आरोप में पकड़ा जाता है। उक्त प्रकरण प्रकरण में मैं यह स्पष्ट कर दू कि मेलोडी स्पा नामक जगह का स्वामी ना तो मैं हूं ना ही कोई मेरा जानने वाला है। जबकि दूसरी जगह फ्लैट नंबर 112 शक्ति शिखा बिल्डिंग का वर्ष 1999 से मैं अकेला मालिक है। जिसका बिजली कनेक्शन जलकर एवं निगम कर तन्हा मेरे नाम से है। चूंकि मेरा आवास महमूरगंज में है अतः उक्त फ्लैट को समय समय पर नियमानुसार एग्रीमेंट करके किराए पर पिछले 26 वर्षों से देता चला रहा हूं। इस क्रम में पूर्व किराएदार दवारा खाली किए जाने पर ब्रोकर के माध्यम से दिनांक 1 अप्रैल 2025 से अश्वनी त्रिपाठी पुत्र गोपाल त्रिपाठी निवास निवासी चंदौली नामक व्यक्ति को एग्रीमेंट के माध्यम से मैने अपना उक्त फ्लैट किराए पर दिया। इस किरायेदारी एग्रीमेंट पर गवाहों की उपस्थिति में किराएदार से हस्ताक्षर कराया गया जिसका नोटरी भी कराया गया है। उक्त एग्रीमेट में अन्य शर्तों के अलावा बिदु 10 में यह स्पष्ट उल्लेखित है कि किराएदार उक्त फ्लैट में कोई भी गैरकानूनी अथवा अवैधानिक कार्य नहीं करेगा और यदि करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उक्त किराएदार की ही होगी तथा फ्लैट मालिक का उसके कार्य से कोई लेना-देना नहीं होगा।

# पुरानी रंजिश में भतीजे ने चाचा को मारी गोली

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** तेलियरगंज के आजाद मार्केट में गुरुवार की शाम पुरानी रंजिश में भतीजे ने चाचा को गोली मार दी। तीन गोली लगने से घायल अधिवक्ता विजय पांडेय को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। अचानक गोली चलने अफरा तफरी मच गई। शिवकुटी पुलिस ने घटनास्थल से ही आरोपी ओमशिव पांडेय को लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ हिरासत में ले लिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी भी पहुंच गए।

शिवकुटी के जोंधवल निवासी अधिवक्ता विजय पांडेय का पैतृक संपत्ति को लेकर रसूलाबाद निवासी भतीजे अधिवक्ता ओमशिव पांडेय से पुराना विवाद चल रहा है। वर्ष 2013 में ओमशिव पांडेय के भाई शिवम पांडेय की हत्या हुई थी। इसमें विजय पांडेय समेत अन्य लोगों पर हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। लेकिन, पुलिस की विवेचना में एफआर (अंतिम रिपोर्ट) लगा दी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में ओमशिव पांडेय ने पुलिस के एफआर के खिलाफ कोर्ट में वाद दाखिल किया



था, जो अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे आजाद मार्केट में एक मिठाई की दुकान पर विनोद पांडेय व ओमशिव पांडेय का आमना-सामना हो गया। पुरानी रंजिश को लेकर दोनों में विवाद होने लगा। आरोप है कि विजय पांडेय ने लोहे की रॉड उठा ली, इस पर ओमशिव पांडेय ने लाइसेंसी रिवाल्वर से ताबड़तोड़ तीन गोलियां चला दी। विजय पांडेय के बाएं कंधे व जांघ और दाहिने बाजू में गोली लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आजाद मार्केट में भगदड़ मच गई। शिवकुटी पुलिस ने घटनास्थल से रिवाल्वर समेत ओमशिव पांडेय को हिरासत में ले लिया। गोली लगने से घायल विजय पांडेय को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**वर्जन**

पुरानी रंजिश को लेकर भतीजे ने चाचा को गोली मार दी थी। आरोपी को लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घायल को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**मनीष कुमार शांडिल्य,**
**डीसीपी नगर।**

## एक भारत, श्रेष्ठ भारत : प्रयागराज में काशी तमिल संगमम्‌ छात्र प्रतिनिधिमंडल का जोरदार स्वागत

सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** काशी तमिल संगमम्‌ 4.0 के अंतर्गत आए कुल 200 छात्रों का समूह आज काशी से प्रयागराज पहुंचा। समूह के सदस्य प्रातः 8:10 बजे विशेष बसों के माध्यम से काशी से प्रस्थान कर दोपहर यहां पहुंचे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व ऐतिहासिक एकता को अधिक सुदृढ़ करना एवं ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करना है।

लगभग 12 बजे यह दल संगम तट पहुँचा। यहां पारंपरिक शैली में उनका शानदार स्वागत किया गया। स्वागतकर्ताओं में प्रमुख रूप से महापौर उमेश चंद्र गणेश केशवानी, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, मंडलीय सूचना अधिकारी इंद्रमणि पाण्डेय, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, नगर निगम के जोनल अधिकारी संजय ममगई, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सुदेश शर्मा, एसीपी झूसी विमल किशोर मिश्रा तथा उपनिरीक्षक नीरज मिश्रा उपस्थित रहे।

छात्रों के स्वागत के पश्चात उन्हें तमिल भाषा में प्रकाशित भागवत गीता की प्रति सम्मानपूर्वक प्रदान की गई, जिससे



धार्मिक एवं सांस्कृतिक आदानझ्रप्रदान की यह यात्रा और भी अर्थपूर्ण बन सकी। संगम तट पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में दक्षिण और उत्तर भारत की विविध कला शैलियों ने एक अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। करगम, कावड़ी, मरकलाअट्टम जैसी तमिल लोक कलाओं के साथ कजरी, भजन और कथक की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ह्लकला के माध्यम से एकताह्व का यह दृश्य उपस्थित सभी लोगों के लिए यादगार बन गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद छात्रों को दो समूहों में विभाजित कर पवित्र संगम स्नान हेतु ले जाया गया। वहाँ छात्रों ने गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी संगम की दिव्यता को आत्मसात किया। आध्यात्मिक अनुभूति से ओतप्रोत इस क्रम के बाद सभी सदस्यों को श्रीबड़े हनुमान जी मंदिर के दर्शन कराने ले जाया गया, यहाँ उन्होंने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत छात्र दल स्वामीनारायण मंदिर पहुँचा, जहाँ सभी ने प्रसाद स्वरूप भोज ग्रहण किया। पूरे दिन छात्रों ने प्रयागराज की ऐतिहासिक समृद्धि, आस्था और विरासत का जीवंत अनुभव किया। यह अनुभव उनके लिए ज्ञान, संस्कृति और अध्यात्म का एक अनूठा मेल रहा। महापौर उमेश चंद्र गणेश केशवानी ने अतिथियों का ह्लवडक्कमह्व कहकर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि आज दक्षिण भारत के लोग उत्तर भारत की साझी संस्कृति, परंपराओं और मान्यताओं का अनुभव स्वयं कर रहे हैं। गंगा, यमुना और सरस्वती का यह पावन संगम आज उत्तर और दक्षिण भारत के प्रेम, एकता और सम्मान का प्रतीक बन गया है।

# मतदाता बनना हर नागरिक का अधिकार -इंद्रजीत सरोज

### सपा कार्यकर्त्ता पूरी शिद्दत से करेंगे सहयोग, समय सीमा बढ़ाये जाने का स्वागत

हनुमान प्रसाद शुक्ल
सबसे तेज प्रयागराज

**प्रयागराज।** एस आई आर को लेकर समाजवादी पार्टी बेहद जागरूक रहेगी। मतदाता बनना हर नागरिक का अधिकार है। आज सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज ने पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन में नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकताओं की बैठक में एस आई आर समीक्षा बैठक में कही। श्री सरोज पार्टी की और से इलाहाबाद एवं कौशाम्बी जिले के प्रभारी नियुक्त किये गए हैं।उन्होंने कार्यकताओं का आह्वाहन किया कि सघन अभियान चला कर प्रयास किया जाये कि कोई व्यक्ति मतदाता बनने से छूट नहीं



जाये। एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने बताया कि जिन मतदाताओं का नाम 2003 की सूंची में है उन्हें ऑप्सन एक में,जिनके माता पिता अथवा दादा दादी, नाना नानी का नाम 2003 में दर्ज है पूरी कोशिश हो कि उनका नाम ऑप्सन दो में दर्ज किया जाय। जिन मतदाताओं का नाम 2003 की सूंची में है लेकिन किन्ही कारणों से ऑप्सन तीन में दर्ज होगया है। ऐसे मतदाता बी एल ओ से मिलकर संशोधन विकल्प का लाभ ले।चुनाव आयोग ने विकल्प जारी कर दिया है। जिनका रिकार्ड नहीं मिल रहा है उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है।चुनाव आयोग द्वारा मांगे जाने पर उनको बाद में 11अभिलेखों में से कोई एक या दो प्रमाण देना होगा। कोशिश हो कि कोई मतदाता बनने से छूटने नहीं पाए।फिलहाल अभी कोई रिकार्ड नहीं देना है।

समीक्षा बैठक में जिलाध्यक्षगण अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, सैयद इफ़्तेखार हुसैन ने अब तक की प्रगति से अवगत कराया।

बैठक में विधायकगण विजमा यादव, हाकीम लाल बिन्द, गीता पासी, संदीप पटेल, रामदेव निडर, अमर नाथ मौर्य, संदीप यादव,मुजतबा सिद्दीकी, अंसार अहमद, दूधनाथ पटेल, राकेश यादव, मंजू यादव, संतोष यादव, अंकिता श्रीवास्तव,रविन्द्र यादव, दान बहादुर मधुर,नाटे चौधरी,तारिक सईद अज्जू, संगीता पटेल, जगदीश यादव,शकील अहमद, भागीरथी बिन्द, सोम दत्त पटेल, विजय राज, श्याम सूरत, बच्चा यादव, मो शकील, अमर सिंह, बबलू रावत, मो अजहर, रेहान अहमद, लाल चंद्र मौर्य,राजू पासी, पंचू लाल, महबूब उस्मानी, सोएब अहमद तहजीब,विवेकानंद, खिन्नी लाल पासी, रुपनाथ यादव एडवोकेट, प्रदीप निषाद आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

### युगों -युगों तक मानव को अमर कर देती है अच्छाई व सच्चाई

अच्छाई युगो-युगों तक मानव को अमर कर देती है ।मानव को हमेशा अच्छाई व सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए ।मानव जीवन अनमोल है ।कहते है कि एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है इंसान हर रोज मंदिर जाते है फिर भी पत्थर ही रहते हैं ।आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उडाई जाती है प्रत्येक इन्सान का एक स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए भले ही कितनी ही विपति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए मानव को अपने स्वाभिमान के आसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए ।आधुनिक इंसान पत्थर दिल व आत्मकेन्द्रित होता जा रहा है ।मानव सवेंदनहीनता की हदें लाघ रहा है ।यह समाज के लिए अशुभ संकेत है ।मानव आज मानवता के खिलाफ होता जा रहा है ।मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोडना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मयार्दा में रहना चाहिए ।समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेडों से कोई नहीं बच पाया है ।जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी ।जरुरतमंदो की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है ।मगर आधुनिक इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते है मगर दुख में साथ छोड देते है ,कहते अपने ही काम आते है मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है कुते बिस्किट खा रहे है मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब,मांस ,मदिरा का प्रयोग कर रहा है। आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इन्कार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। अतः प्रत्येक इन्सान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए ,प्रत्येक मानव का आदर -सत्कार करना चाहिए। जीवन बार-बार नहीं मिलता है,ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है।

यह एक शाश्वत सत्य है और बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अन्धेर नहीं है ।आदमी को समय से डरना चाहिए क्योकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए।

## एड्स से बचना है तो चरित्र निर्माण करो !

**(लेखक - डॉ. श्रीगोपाल नारसन)**

एड्स के प्रति सामाजिक कलंक को कम करने के लिए चरित्र निर्माण आवश्यक है। इससे लोग एड्स से प्रभावित लोगों का सम्मान करने और उनके प्रति सहानुभूति करने के लिए अधिक इच्छुक होते हैं ।चरित्रवान व्यक्ति एड्स से बचाव के बारे में जागरूकता फैलाते हैं और दूसरों को भी सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करते हैं ।वही समुदाय की मजबूत भागीदारी और सहयोग एड्स की रोकथाम और नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।वास्तव में चरित्र निर्माण लोगों को एड्स रोकथाम के लिए सामूहिक जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। एड्स की रोकथाम में चरित्र निर्माण की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह व्यक्तिगत रूप में सामाजिक व्यवहार को प्रभावित करता है, जो एड्स वायरस के प्रसार को कम करने में मदद कर सकता है ।आंकड़ो पर गौर करे तो सन 2024 में दुनियाभर में लगभग 630,000 लोग एड्स से संबंधित बीमारियों कारण से मर गए। वही इससे पूर्व सन 2023 में भारत में 2.5 मिलियन से अधिक लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे,जो एक चिंताजनक हालत है ।हालांकि युनाइटेड नेशन  यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि सन 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा माना न जाए ।वर्तमान सन 2025 में, एचआईवी संक्रमण को रोकने के लिए नए और बेहतर विकल्प उपलब्ध हो गए हैं। एक उल्लेखनीय प्रगति अधिक प्रभावी प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस दवाओं का विकास हुआ है। इस दवा की एक गोली प्रति दिन खाने से एड्स रोग के उच्च जोखिम रखने वाले लोगों में एचआईवी संक्रमण के जोखिम को काफी कम करती है ।जो एक आशाजनक संकेत कहा जा सकता है ।एड्स मामलों के लिए यूएन संस्था का कहना है कि सन 2030 तक, सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के तौर पर एड्स महामारी का अन्त करने में मानवाधिकारों की अहम भूमिका बन सकती है ।यूएन एजेंसी ने एक दिसम्बर को ह्यविश्व एड्स दिवसह्न से पहले जारी अपनी एक नई रिपोर्ट में यह निष्कर्ष साझा किया ।यह रिपोर्ट बताती है कि कथित कलंक, भेदभाव और दंडित करने वाले कानूनों की वजह से एचआईवी के विरुद्ध लड़ाई में बाधाओं का सामना करना पड़ता है ।हालांकि एचआईवी के उपचार व रोकथाम की दिशा में अब तक ठोस प्रगति दर्ज की गई है, मगर मानवाधिकारों के उल्लंघन की वजह से एड्स को लेकर अति-आवश्यक सेवाओं तक पहुँच पाना कठिन साबित हो रहा है ।जिसमे समय के साथ बदलाव लाने की आवश्यकता है।

# नशे का बढ़ता प्रचलन एवं घातक कारोबार -एक गंभीर अलार्म

**ललित गर्ग**



भारत में नशीले पदार्थों का बढ़ता प्रचलन एवं बढ़ता घातक कारोबार आज एक भयावह राष्ट्रीय संकट बन चुका है। आये दिन विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होना इस संकट की भयावह तस्वीर उकेरता है। यह समस्या किसी एक राज्य या किसी सीमित क्षेत्र की नहीं रही, बल्कि हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित पूरे देश में यह अपने विकराल रूप में फैल चुकी है। विशेष रूप से किशोर और युवा पीढ़ी जिस तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रही है, वह एक खतरनाक भविष्य की चेतावनी है। नशा आज केवल व्यक्तिगत बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक विनाश की प्रस्तावना बन चुका है। अंधेरी गलियों में भटकते युवा, परिवारों का टूटता संतुलन, अपराधों में वृद्धि और जीवन मूल्यों का क्षरण-ये सब नशे की महामारी के दुष्परिणाम हैं। अब वयस्क ही नहीं, किशोर भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। फिर वे अपने नशे के लिए पैसा जुटाने के लिये अपराध की गलियों गुम होते जा रहे है, तरह-तरह के अपराध कर रहे हैं। हाल ही के कुछ गंभीर अपराधों का खुलासा होने पर किशोरों ने स्वीकार किया कि वे नशे हेतु पैसा जुटाने के लिए अपराध करने निकले थे। कमोबेश, ऐसा ही संकट नकली दवाइयों की आपूर्ति का भी है। पिछले दिनों देश के कई राज्यों में घातक कफ सिरप पीने से कई बच्चे अपनी जान गंवा बैठे। इस आसन्न संकट को महसूस करते हुए नकली दवाइयों और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलरों, पुलिस और सीआईडी अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका मकसद इन अधिकारियों को एक मंच पर लाकर कार्रवाई को अधिक कारगर बनाना था। यह स्वागत योग्य है कि देश में पहली बार सात राज्यों ने इस संकट को महसूस करते हुए इस दिशा में साझी पहल की। निश्चित ही यह सम्मेलन इस घातक एवं गंभीर होती समस्या के समाधान में रोशनी बनेगा।

नशीले पदार्थों व नकली दवाइयों का कारोबार मात्र एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि इससे कई राष्ट्रीय मुद्दे भी जुड़े हैं। पंजाब व देश के समुद्री सीमा से जुड़े राज्यों में नशीले पदार्थों की जो बड़ी खेपें बरामद हुई हैं, उसने पूरे देश की चिंता बढ़ाई है। सवाल यह भी उठा है कि यदि नशीले पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा बरामद हुई है तो चोरी-छिपे कितनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ देश में पहुंच रहा होगा। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में सीमा पार से ड्रोन के जरिये लगातार नशीले पदार्थ व हथियार भेजने के मामले प्रकाश में आए हैं। हाल के वर्षों में सामने आए आंकड़े बताते हैं कि ड्रग व्यापार अब किसी सीमित भौगोलिक दायरे तक सीमित नहीं रहा। पंजाब, जिसकी आबादी देश की कुल आबादी का मात्र ढाई प्रतिशत है, वहां से देश में बरामद होने वाली हेरोइन का लगभग आधा हिस्सा पकड़ा गया है। यह अकेला तथ्य बताने के लिए पर्याप्त है कि नशीले पदार्थों का नेटवर्क कितना गहरा, विस्तृत और संगठित हो चुका है। हरियाणा की सीमावर्ती जिलों में पिछले पाँच वर्षों के दौरान राज्य के कुल ड्रग मामलों का लगभग नब्बे प्रतिशत भाग सामने आया है, जो स्पष्ट संकेत देता है कि तस्करी का रास्ता राज्यों की सीमाओं से गुजर कर पूरे समाज में फैलता जा रहा है। इसी प्रकार राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण बताते हैं कि नशे की आदत अब केवल युवाओं तक सीमित नहीं, बल्कि लाखों बच्चे और किशोर और विशेषतः महिलाएं-युवतियां विभिन्न नशीली वस्तुओं के संपर्क में आ चुकी हैं। यह स्थिति सिर्फ चिंता का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की अगली पीढ़ी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी है। नशे की गिरफ्त में फंसकर बच्चे और युवा मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और शैक्षणिक जीवन में बुरी तरह पिछड़ रहे हैं। परिवार टूट रहे हैं, आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है, और अपराधों का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा है। नशे की वजह से चोरी, लूट, हिंसा, हत्या और यौन अपराध तक बढ़ते जा रहे हैं।

समस्या का यह दूसरा पहलू भी उतना ही भयावह है कि नशे का व्यापार अब सामान्य चोरी-छिपे किए जाने वाला धंधा नहीं रहा, बल्कि विशाल और संगठित तस्करी-तंत्र में बदल चुका है। ड्रोन के माध्यम से ड्रग तस्करी, अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, नकली दवाओं का उत्पादन, कफ सिरप व अन्य औषधियों के दुरुपयोग का व्यापक कारोबार-ये सभी संकेत हैं कि नशा भारत के सामाजिक ढांचे को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। ड्रग माफिया, अपराधी गिरोह, भ्रष्ट तंत्र एवं पडोसी देश मिलकर एक ऐसी समानांतर व्यवस्था चला रहे हैं, जो कानून, नैतिकता और मानवीय जीवन के लिए बेहद खतरनाक है। चंडीगढ़ में आयोजित महत्वपूर्ण सम्मेलन में कई ऐसे तथ्य सामने आए जिन्होंने सभी को हिला दिया। यह स्पष्ट रूप से महसूस किया गया कि अब नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक राज्य की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की प्राथमिकता है। राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी इस बात पर सहमत दिखे कि यदि अब भी सख्त और संगठित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में हालात और भयावह हो सकते हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि नशे का यह संकट भारत की सामाजिक संरचना, युवाशक्ति और राष्ट्रीय प्रगति को गहरी चोट पहुँचा रहा है। इस अनियंत्रित होते भयावह संकट को रोकने के लिए सरकार, पुलिस, न्याय तंत्र, समाज और परिवार-सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। सिर्फ कानून बनाकर और कभी-कभार छापामारी करके इस समस्या का समाधान संभव नहीं। सबसे पहले कानूनों को मजबूत करने और उनके कठोर क्रियान्वयन की आवश्यकता है। ड्रग तस्करी, नकली दवाइयों का निर्माण और अवैध वितरण के खिलाफ ऐसी दंडात्मक व्यवस्था होनी चाहिए कि अपराधी इसके परिणामों से भयभीत हों। मौजूदा समय में कई बार अपराधी मामूली सजा या जमानत पर छूट जाते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है और अवैध कारोबार और तेजी से फैलता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून कठोर हों और उनका पालन बिना किसी समझौते के हो। दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र है-नशामुक्ति और पुनर्वास। नशे की गिरफ्त में आए लोग सिर्फ अपराधी नहीं, बल्कि पीड़ित भी हैं। परिवार, समाज और सरकार को उन्हें समझना, सहारा देना और पुनर्वास का रास्ता उपलब्ध कराना आवश्यक है। देश में नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उनकी गुणवत्ता, सुविधाओं, चिकित्सा सहायता, काउंसलिंग और पुनर्वास कार्यक्रमों को और मजबूत करने की जरूरत है। नशे से बाहर आने वाले व्यक्ति को नये जीवन की शुरूआत के लिए सामाजिक सम्मान, परिवार का सहयोग और रोजगार के अवसर मिलना आवश्यक है; वरना वे दोबारा उसी अंधेरी राह में लौट जाते हैं ।यह समय चेतावनी का समय है। यदि आज हमने नशे की इस राष्ट्रीय महामारी को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी। नशा मानवता का शत्रु है। यह युवा शक्ति को अंधेरे में धकेलता है, परिवारों को तोड़ता है, राष्ट्र की प्रगति को रोकता है। इसलिए आज एक ही संकल्प होना चाहिए कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को हम केवल सरकारी प्रयासों पर न छोड़ें, बल्कि इसे अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानें।

# मेसेंजर की अनाम आत्माएँ और समाज का विवर्तन


**डॉ प्रियंका सौरभ**

मेसेंजर के आभासी प्रांगण में कुछ अनाम आत्माएँ प्रतिदिन प्रातः और सायंकाल ऐसे उतर आती हैं, मानो मेरे मन-लोक के द्वार उनकी प्रतीक्षा में ही सदैव खुले रहते हों। उनके संदेशों का प्रवाह इतना निरंतर, इतना अविरल होता है कि लगता है जैसे किसी सुदूर स्रोत से आशा की कोई अदृश्य नदी बहती चली आ रही हो। यह भी विचित्र है कि इन संदेशों के उत्तर की उन्हें तनिक भी चिंता नहीं–उनके शब्दों में एक ऐसी निस्सीम आशा झलकती है मानो दुनिया का ध्वंस भी उनसे उनकी जिजीविषा न छीन पाएगा।

जब कभी मैं मेसेंजर खोलती हूँ, तो भीतर कृत्रिम पुष्पों की रंग-बिरंगी पाँतें, कोमल उपमाओं की मधुमयी धाराएँ और शब्दों की शक्कर से लिपटी मिठास मेरी आँखों के समक्ष फैल जाती है। वह क्षण किसी अनजाने उत्सव-सा लगता है–एक ऐसा उत्सव, जिसे किसी ने बिना निमंत्रण दिए मेरे जीवन में बिखेर दिया हो। कभी-कभी मन यूँ ही सोच में डूब जाता है–क्या सचमुच कोई अजनबी नारी किसी अनदेखे-अनजाने व्यक्ति के हृदय में इतना सारा मृदु स्नेह, इतनी कोमल भावनाएँ और इतना अनुशासित आदर जगा सकता है?

परंतु इसी कोने में एक गहरी विडंबना भी खड़ी है–अपने निजी जीवन में तो जीवनसाथी के मुख से एक मधुर शब्द भी सुनने को नहीं मिलता। वहाँ तो केवल शिकायतों की काँटेदार झाड़ियाँ और उलाहनों की सूखी टहनियाँ ही पनपती हैं। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे विवाह नामक संस्था ने दो अधूरे मनुष्यों को एक साथ बाँधकर उनसे पूर्णता की अपेक्षा कर ली हो, जबकि भीतर दोनों ही अपूर्णताओं और अनकहे दुःखों के बोझ तले दबे हों।

फिर भी, इन अनाम स्नेहदाताओं के प्रति मेरे भीतर एक विचित्र-सा आभार जन्म लेता है। शायद यह आभार किसी अपेक्षा का नहीं, बल्कि इस भाव का है कि दुनिया में अभी भी कुछ लोग ऐसे हैं जो बिना स्वार्थ, बिना पहचान, बिना अपेक्षा–स्नेह देना जानते हैं। इस सत्य की मधुर अनुभूति ही हृदय में एक अदृश्य कृतज्ञता अंकित कर देती है। किन्तु मेरे अस्तित्व के भीतर इन अजनबियों के लिए किसी भी भाव–प्रेम, आकर्षण या खिंचाव–की कोई जगह नहीं। मेरे भीतर जो स्थान सुरक्षित है, वह वीतराग के विस्तृत आकाश की तरह रिक्त और शांत है। मेरे परिचय-वलय में एक ऐसा व्यक्ति भी है जो दुनिया को हँसी के उत्सव बाँटता फिरता है। वह अपनी चुटीली टिप्पणियों और सहज हास्य से लोगों के चेहरे पर मुस्कान उगा देता है, लेकिन जैसे ही वह घर के मुख्यद्वार पर पहुँचता है, उसके चेहरे से हर आभा ऐसे झर जाती है, जैसे वह गोड्डा निवाणे की किसी कठिन और थकाऊ यात्रा से लौटकर आया हो। उसे देखते हुए मन में यह शंका बार-बार जाग उठती है–कहीं ये संदेश भेजने वाले भी भीतर से वैसे ही रिक्त तो नहीं? कहीं यह मुस्कान केवल बाहरी छलावरण तो नहीं, जो भीतर के गहरे अकेलेपन को छिपाने के लिए ओढ़ रखी गई हो?



आज मेसेंजर में उमड़ती संदेशों की बाढ़ ने मेरे भीतर सामाजिक प्रवृत्तियों की तहों तक उतर जाने की एक तीव्र इच्छा जगा दी। कुछ परिचितों के जीवन-चित्र स्मृति में कौंध गए–प्रसन्न, संघर्षरत, टूटते और फिर से सँभलते हुए। हर चित्र अपने भीतर एक कहानी लिए हुए था, और हर कहानी समाज के बदलते स्वरूप का मूक प्रमाण थी ।इन सब पर विचार करते हुए सबसे पहले मैं उन परिवारों को हृदय से नमन करना चाहती हूँ जो प्रेम, धैर्य, संयम और परस्पर सम्मान की कोमल डोर से बँधे रहते हैं। ऐसे परिवार किसी नदी की गहराई जैसे होते हैं–ऊपर भले ही शांत दिखें, लेकिन भीतर वे समाज की स्थिरता और सामूहिक संतुलन के लिए अथाह जल संजोए रखते हैं। उनकी उपस्थिति समाज में शांति, सहनशीलता और स्नेही वातावरण का आधार बनती है।

किन्तु समाज का दूसरा पक्ष भी उतना ही व्यापक और तीखा है। कुछ पुरुष और स्त्रियाँ, चालीस-पैंतालीस की सीमा में पहुँचते ही अचानक पीड़ित-भाव की ध्वजा उठाकर खड़े हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि वे अपनी प्रतिभा के आकाश को छू सकते थे, यदि परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियों ने उनके स्वर्णिम अवसर न निगल लिए होते। यह सोच धीरे-धीरे उनके विवाह की डोर को छिन्न-भिन्न करने लगती है। मन में उभरता यह कथित अवसर-हरण का भाव, दाम्पत्य जीवन में कटुता का बीज बो देता है।

इसी के समानांतर कुछ पुरुष बाहर की स्त्रियों से अपने बनावटी दर्द, झूठी विवशताओं और मनगढ़ंत दुःखों की कहानियाँ साझा करते हैं। संवेदनशील स्त्रियाँ उन कहानियों को सत्य समझकर भावनात्मक रूप से उलझ जाती हैं। पुरुषों का यह छलावा उन्हें अपने ही भावों की कैद में धकेल देता है–जहाँ वे समझ नहीं पातीं कि उनका अपनापन वास्तविकता से जुड़ा है या किसी के क्षणिक मनोरंजन का साधन मात्र। आजकल सरायों और भोजनालयों के बाहर जो नाटकीय दृश्य घटित होते हैं–अंदर पत्नी किसी ह्यमित्रह्न के साथ बैठी और बाहर पति क्रोध से दहकता खड़ा–वे किसी एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की विकृत मानसकथा हैं। इन दृश्यों को देखकर लगता है कि हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं जहाँ विश्वास सबसे सस्ता और विकार सबसे महंगा हो गया है।

कुछ लोग घर की उलझी परिस्थितियों से भागकर हमउम्र स्त्रियों या नवयुवतियों में क्षणिक सुख ढूँढने निकल पड़ते हैं। वे इन नए आकर्षणों में डूबकर यह मानने लगते हैं कि यही वास्तविक जीवन है, यही सच्चा प्रेम, यही पूर्णता। परंतु जब वह चमक भी फीकी पड़ जाती है, तो वे फिर किसी नए आकर्षण की तलाश में निकल जाते हैं–मानो जीवन कोई मण्डी हो और प्रेम उसका सबसे सस्ता सिक्का। घर में वही व्यक्ति कलह, कड़वाहट और अव्यवस्था की आग लेकर लौटता है। मधुरता, जो वह बाहर उदारता से बाँटता है, घर की चौखट के भीतर आते ही सूख जाती है–उसकी जगह ले लेते हैं रूखे शब्द, अस्थिर मन और थकान का बोझ।

इन सब परिस्थितियों की प्रतिक्रिया स्त्रियों में भी प्रतिशोध, प्रतिस्पर्धा और प्रतिरोध के रूप में उभरती है। वे संघर्ष में उतर आती हैं, कभी स्वयं को सिद्ध करने, कभी अपना खोया आत्मसम्मान खोजने, तो कभी केवल अपने अस्तित्व की सुरक्षा के लिए। इसका परिणाम होता है–परिवारों का टूटना, बच्चों में दिशाहीनता, नशे की ओर झुकाव, और कम आयु में विपरीत लिंगी आकर्षण का असामान्य उभार।

# दक्षिण एशिया में कमजोर हो रही हैं धर्मनिरपेक्ष शक्तियां

**(लेखक - एल.एस. हरदेनिया )**

ऐसा लगता है कि भारतीय उपमहाद्वीप में धर्मनिरपेक्षता की ताकतें पूरी तरह कमजोर हो गई हैं। जब भारत और पाकिस्तान आजाद हुए थे तब भारत में धर्मनिरपेक्ष ताकतें बहुत मजबूत थीं क्योंकि उस समय महात्मा गांधी भी थे, जवाहर लाल नेहरू भी थे और सरदार पटेल भी, जो सभी धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखते थे। सरदार पटेल ने कहा था कि वे भारत में मुसलमानों की सुरक्षा की गारंटी देते हैं परंतु उनकी मुसलमानों से भी यह अपेक्षा थी कि वे भारत के प्रति वफादार रहें।

नेहरू जी और गांधी जी के अलावा पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने भी यह घोषणा की थी कि वे धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर हैं। 14 अगस्त की रात को पाकिस्तान के कराची में सभा को संबोधित करते हुए मोहम्मद अली जिन्ना ने अपने देश में रहने वाले सभी नागरिकों को - चाहे वे किसी भी धर्म को मानने वालों हों या किसी भी धर्म में विश्वास न करते हों - आश्वासन दिया था कि वे पाकिस्तान के शासक की हैसियत से यह सुनिश्चित करेंगे कि पाकिस्तान की सरकार सभी नागरिकों की हर तरह से सुरक्षा करेगी। कई सालों तक यह चलता रहा। लियाकत अली आए तब भी चलता रहा। परंतु फिर पाकिस्तान में तानाशाहों की कतार लग गई।

इन तानाशाहों में सबसे पहले मार्शल अयूब थे। उसके बाद अनेक तानाशाह आए और उन तानाशाहों ने पाकिस्तान में धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर किया। न सिर्फ कमजोर किया बल्कि पाकिस्तान में ऐसा मौका भी आया जब देश को ह्यह्यइस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तानह्नह्न घोषित कर दिया गया। यह सिलसिला चलता रहा।

फिर पाकिस्तान में धर्मनिरपेक्षता से ज्यादा भाषा को महत्व दिया जाने लगा। जब पश्चिमी पाकिस्तान के शासकों ने बांग्लादेश पर उर्दू लादने की कोशिश की तो बांग्लादेश के लोगों ने उसका विरोध किया। उनका कहना था कि उनके लिए इस्लाम से ज्यादा उनकी भाषा प्यारी है। फिर पाकिस्तान में चुनाव हुए। पाकिस्तान के चुनाव में उस समय के बंगाली लोगों ने बहुमत हासिल किया। परंतु पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं ने बंगाल के सर्वमान्य नेता शेख मुजिबुर्रहमान को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया और फिर शेख मुजिबुर्रहमान के नेतृत्व में एक नया देश बन गया, जिसका नाम था बांग्लादेश। पाकिस्तान के शासकों और सेना ने बांग्लादेश के लोगों पर जबरदस्त अत्याचार किए। इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश में रहने वाले लोगों की सहायता की। बड़ी संख्या में बांग्लादेश में रहने वाले नागरिकों ने हिन्दुस्तान में शरण ली और अंततः एक दिन इंदिरा गांधी ने लोकसभा में यह घोषित किया कि शीघ्र ही आप



ढाका को एक नए देश की राजधानी के रूप में पाएंगे। इस तरह भारत के अलावा बांग्लादेश में भी धर्मनिरपेक्ष ताकतें मजबूत हो गईं। शेख मुजिबुर्रहमान ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे धर्मनिरपेक्ष मूल्यों में विश्वास करते हैं। परंतु कुछ दिन बाद बांग्लादेश में भी गृहयुद्ध छिड़ गया और इस गृहयुद्ध में शेख मुजिबुर्रहमान और उनके पूरे परिवार को मौत के घाट उतार दिया गया। शेख हसीना उनके परिवार की एक मात्र ऐसी सदस्य थीं जो बच गई थीं क्योंकि संभवतः वे उस समय जर्मनी में थीं। परंतु भारत और बांग्लादेश दो बड़ी धर्मनिरपेक्ष ताकतों के रूप में उभर कर आए। शेख मुजिबुर्रहमान की बेटी शेख हसीना ने बांग्लादेश का शासन अपने हाथ में लिया और कई बड़ी ताकतें उनके साथ थीं। परंतु बीच-बीच में फिर वहां पर धर्मनिरपेक्षता कमजोर होती गई और अंततः एक ऐसा मौका आया कि बांग्लादेश की शासक शेख हसीना- जो की धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करती थीं-पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे। अंततः उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा और भारत में शरण लेनी पड़ी। नेपाल में भी राजशाही थी परंतु धीरे-धीरे राजशाही के विरुद्ध आवाजें उठने लगीं और कम्युनिस्ट पार्टी ने बड़ी ताकत के साथ वहां अपनी सत्ता स्थापित कर ली। परंतु वह सत्ता भी ज्यादा दिन नहीं चल पाई। यद्यपि राजशाही वापस नहीं आई पर वहां पर मिलीजुली सरकारें बनीं जिनमें कम्युनिस्टों के साथ-साथ ऐसी ताकतें भी थीं जो कम्युनिस्ट विचारधारा में विश्वास नहीं करती थीं।

इस समय नेपाल में चुनाव की तैयारी चल रही है। शीघ्र ही वहां वोटिंग होने वाली है। कौन सफलता पाएगा यह कहना बहुत मुश्किल है परंतु यह निश्चित है कि नेपाल में अब धर्मनिरपेक्ष ताकतें इतनी मजबूत नहीं रहेंगी जितनी कम्युनिस्ट पार्टी के राज में थीं। इस तरह अब पाकिस्तान और बांग्लादेश इस्लामिक देश हैं और नेपाल में भी कम ही लोग धर्मनिरपेक्ष हैं।

इस बीच हमारे देश में भी अब ऐसे लक्षण नजर आ रहे हैं कि धर्मनिरपेक्षता कमजोर हो जाएगी। पहले आरएसएस भारतीय संविधान में विश्वास नहीं करता था और भारतीय झंडे को नहीं फहराता था, मगर आरएसएस ने भारतीय संविधान के अंतर्गत ही सत्ता संभाली है। अभी अयोध्या में मंदिर का झंडा फहराते समय माननीय नरेन्द्र मोदी ने जो भाषण दिया है उसमें कहीं इस बात का इशारा नहीं है कि वे संविधान के मूल तत्वों में विश्वास करते हैं। परंतु आरएसएस - जो अपने आप को दुनिया की सबसे बड़ी संस्था मानता है - के मुखिया ने यह स्पष्ट कह दिया है कि भारत तो पहले से ही हिन्दू राष्ट्र है। इसे हिन्दू राष्ट्र बनाने की जरूरत क्या है?

कांग्रेस यद्यपि अपने आपको धर्मनिरपेक्ष मानती है परंतु धर्मनिपेक्षता की जड़ें मजबूत करने के लिए वह कोई खास कदम नहीं उठा रही है। यह सत्य है कि भारत की अनेक पार्टियां चाहे वो बिहार में हों, या बंगाल, उत्तरप्रदेश, पंजाब,तमिलनाडु, कर्नाटक, और आंध्रप्रदेश में, वे धर्मनिरपेक्ष तो हैं परंतु अपने बुनियादी हितों की कीमत पर धर्मनिरपेक्ष ताकतों को जिंदा रखने में कोई खास मददगार साबित नहीं हो रही हैं। इस तरह पूरे भारतीय उपमहाद्वीप जिसमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल शामिल हैं, में धर्मनिरपेक्ष ताकतें कमजोर हो रही हैं। इन्हें मजबूत करने के लिए बहुत ही संगठित और सघन प्रयासों की आवश्यकता है।

# मानव जीवन के कल्याण का धर्म है सनातन : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोला तहसील क्षेत्र के मदरिया सिद्धपीठ में दिवंगत महंत रामदास को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महंत रामदास को नमन करते हुए कहा कि सनातन धर्म मानव जीवन के कल्याण और उद्धार का धर्म है। महंत रामदास आजीवन सनातन और वैदिक परंपरा के लिए समर्पित रहे।





मदरिया सिद्धपीठ के महंत रहे रामदास का विगत दिनों निधन हो गया था। बुधवार को गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्धपीठ पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत रामदास ने अपना पूरा जीवन सनातन परंपरा की सेवा को समर्पित कर दिया। उनका गोरक्षपीठ से पांच दशकों से गहरा जुड़ाव रहा। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व मदरिया सिद्धपीठ आगमन पर उन्हें महंत रामदास का भौतिक सानिध्य प्राप्त हुआ था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिक परंपरा को आगे बढ़ाने में महंत जी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने सदैव लोगों को सनातन मूल्यों और भारत के प्रति आस्थावान बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने उम्मीद व्यक्त की कि मदरिया सिद्धपीठ के वर्तमान महंत श्रीशदास अपने पूज्य गुरुदेव के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके मूल्यों व आदर्शों के अनुरूप सनातन की सेवा करते रहेंगे। महंत रामदास को श्रद्धांजलि देने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरिया सिद्धपीठ में विधि विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी, भाजपा नेता हरिकेश राम त्रिपाठी, अमरदीप त्रिपाठी, मनीष नायक सहित बड़ी संख्या में मदरिया सिद्धपीठ से जुड़े श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मदरिया से पहले गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उरूवा क्षेत्र के चचाईराम मठ जाकर यहां के स्मृतिशेष महंत पंचानन पुरी को श्रद्धांजलि दी। पंचानन पुरी का विगत 16 नवंबर को निधन हो गया था। उनका गोरक्षपीठ से गहरा लगाव था। चचाईराम मठ में मुख्यमंत्री योगी ने दिवंगत महंत पंचानन पुरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरक्षपीठाधीश्वर ने चचाईराम मठ के नवनियुक्त युवा महंत प्रणव पुरी को स्नेहाशीष देते हुए अंगवस्त्र ओढ़ाया और आत्मीय संवाद कर मठ संचालन व्यवस्था में उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## संघ–शताब्दी वर्ष: गृह संपर्क अभियान में जुटे स्वयंसेवक

संघ कार्य व पंच परिवर्तन का पत्रक घर–घर बांट रहे कार्यकर्ता



**लखनऊ।** शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता इस समय गृह सम्पर्क अ?भियान में लगे हैं। संघ के स्वयंसेवक घर–घर जाकर भारत माता का चित्र व पत्रक नि:शुल्क बांट रहे हैं। इसके अलावा संघ की जानकारी से जुड़ी पुस्तकें बहुत कम मूल्य पर लोगों को दी जा रही है। संघ–शताब्दी वर्ष : संघ यात्रा:संगठन व सेवा के 100 वर्ष पुस्तक मात्र 10 रुपए में दी जा रही है।

प्रान्त प्रचार प्रमुख डा. अशोक दुबे ने बताया कि अवध प्रान्त में 40 लाख घरों से सम्पर्क का लक्ष्य लिया गया है। इस महासम्पर्क अभियान में करीब 80 हजार कार्यकर्ता लगे हैं। गृह सम्पर्क अभियान 21 दिसम्बर तक चलेगा। विशेष सम्पर्क के लिए भी प्रबुद्धजन की टोलियां भी बनाई गयी हैं। हिन्दू समाज के प्रतिष्ठित जनों व सोसाइटी व बहु–मंजिला इमारतों में सम्पर्क के लिए अलग से टोली बनाई गयी है। वहीं मठ–मंदिर व गुरूद्वारों में सम्पर्क के लिए भी टोली का निर्माण किया गया है। लखनऊ विभाग में 49 नगर 413 बस्ती 1652 उप बस्ती हैं। बस्ती व उप बस्ती में सम्पर्क के लिए तीन – तीन सक्षम कार्यकताओं की टोली बनाई गयी है। इन सभी बस्तियों व उपबस्तियों में सम्पर्क के लिए 4956 टोली बनाई गयी है। इस सम्पर्क टोली में 14868 कार्यकर्ता हैं। यह सभी कार्यकर्ता लखनऊ में घर–घर जाकर सम्पर्क कर रहे हैं।

## थाने में वृद्धा की मौत के मामले में दरोगा निलंबित, जांच की जद में अन्य पुलिस कर्मी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद में श्रीनगर थाना में पूछताछ के लिए बुलाई गई वृद्धा की मौत के मामले में एसपी ने सख्त एक्शन लेते हुए दरोगा को निलंबित कर दिया है। मामले में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों की जांच के आदेश दिए हैं। इसी मामले में घर से भागे तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने सीओ को मामले की जांच सौंपी है। परिजनों ने दरोगा पर तहरीर मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई न करने और पीड़ित पर ही उल्टा दबाव बनाने के आरोप लगा धमकाने का आरोप लगाया था।

जनपद के ननौरा गांव निवासी देशराज की 18 वर्षीय बेटी के साथ 28 नवंबर को परिवार के ही कुछ लोगों के द्वारा मारपीट की गई थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना श्रीनगर में की थी लेकिन पुलिस ने हीलाहवाली करते हुए प्राथमिकी दर्ज नहीं की। घटना के दो दिन बाद एक दिसंबर को दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया। एक पक्ष से देशराज की मां चिंजी कुशवाहा, पत्नी उमा और बेटी गए थे।

मृतका की बहू उमा का आरोप है कि थाने में दरोगा ने कहा कि तुम्हारा मामला झूठा है। किसी की झूठी शिकायत न करो। मैंने गांव जाकर सच्चाई का पता लगा लिया है। दरोगा ने सास व उसकी बेटी को धमकाते हुए अभद्रता की जिससे उसकी सास की जान चली गई। साथ ही पुलिस की मौजूदगी में ही दूसरे पक्ष के लोगों पर भी धमकाने का आरोप लगाया गया था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने थाने के उपनिरीक्षक रमेशचंद्र को निलंबित कर दिया है। तीनों आरोपितों बेटू कुशवाहा, उसके बेटे अतुल व पत्नी कलावती को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी के अनुसार प्रथम दृष्टया दोषी मिलने पर एसआई को निलंबित किया गया है। अन्य पुलिस कर्मचारियों की भी जांच कराई जा रही है। मामले की जांच सीओ चरखारी दीपक दुबे को सौंपी गई है।

## तेहरवीं कार्यक्रम से लौट रहे अधेड़ की सड़क हादसे में मौत




**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में पड़री थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें तेहरवीं कार्यक्रम से लौट रहे साइकिल सवार अधेड़ की बाइक से टक्कर लगने पर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

कोहरा का देवरी गांव निवासी 55 वर्षीय गौतम, मेहनत–मजदूरी कर परिवार का गुजारा चलाते थे। उनके ससुराल भरपुरा में सास का कुछ दिन पहले निधन हुआ था और मंगलवार को तेरहवीं का कार्यक्रम था। गौतम कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर शाम साइकिल से घर लौट रहे थे।

उसी समय, जब वह कोटवां गांव के पास पहुंचे, अचानक विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि गौतम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें मंडलीय अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, बाइक सवार की तलाश में पुलिस जुट गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में फायरिंग के आरोपी घायल, पहले दो युवकों पर की थी गोलीबारी



**उरई।** उरई कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की बीती देर रात फायरिंग करने वाले दो युवकों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो आरोपी घायल हो गए। इन दोनों आरोपियों ने बीते रविवार की रात दो युवकों पर फायरिंग की थी। जिसके बाद पुलिस द्वारा दबिश अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

बीते रविवार की रात उरई कोतवाली क्षेत्र के करमेर रोड पर एक मामूली बात को लेकर सतेंद्र और गोलू नाम के दो आरोपियों ने दो युवकों पर फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में अनुज नाम के एक युवक के सीने में गोली लगी, जबकि दूसरा युवक बाल–बाल बच गया था। पीड़ित अनुज के परिजनों ने उरई कोतवाली में तहरीर दी थी जिसके बाद पुलिस ने सतेंद्र के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सतेंद्र पर जालौन जिले की आटा थाना सहित विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मामले पहले से दर्ज हैं। इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीमें गठित की और दबिश अभियान चलाया। बुधवार की रात उरई कोतवाली क्षेत्र के करमेर रोड पर पुलिस को आरोपियों के छिपे होने की सूचना मिली। जैसे ही पुलिस टीम ने उन्हें घेरा, सतेंद्र और गोलू ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए नियंत्रित फायरिंग की। इस मुठभेड़ में दोनों आरोपितों के पैरों में गोली लगने से घायल आरोपियों को तत्काल जिला अस्पताल उरई में भर्ती कराया गया, जहाँ उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया, आरोपी पहले से फायरिंग मामले में वांछित थे। गिरफ्तारी के प्रयास के दौरान उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी, जिसके जवाब में पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। दोनों आरोपी घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिए गए हैं। मामले की जाँच जारी है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपितों के पास से एक पिस्तौल व कारतूस बरामद किए हैं।

## घरेलू सिलेंडर ब्लास्ट से एक ही परिवार के चार घायल,एक ट्रामा सेंटर रेफर

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में बुधवार देर रात गैस सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के हिनौती गांव में खाना बनाते समय हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को घर से बाहर निकाला और तत्काल एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, चारों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां जिला अस्पताल से मुन्नू की हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने बेहतर उपचार के लिय वाराणसी रेफर किया है।घायलों में वर्षीय मुन्नू (40)पुत्र सुलेमान मेराज (14)पुत्र मुन्नू अहमद साहिल(17) पुत्र सलीम और समीना (35) पत्नी मुन्नू अहमद) शामिल हैं।

## वाराणसी: सर्द मौसम में श्रद्धालु सिर पर बोरा और हाथ में झोला लेकर निकले अंतरगृही यात्रा पर

हर हर महादेव,काशी विश्वनाथ शंभों की गूंज परिक्रमा पथ पर, देर शाम मणिकर्णिका तीर्थ पर स्नान से परिक्रमा यात्रा शुरू हुई, चौकाघाट पर रात्रि विश्राम के दौरान श्रद्धालुओं ने बाटी-चोखा का प्रसाद लगाकर खाया




**वाराणसी।** मार्गशीर्ष माह (अगहन माह) के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर गुरूवार को काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ की नगरी में पौराणिक अंतरगृही परिक्रमा यात्रा में श्रद्धालु नर–नारियों का सैलाब उमड़ पड़ा। उबड़ खाबड़ मार्ग और सर्द मौसम में सनातनी श्रद्धालु और महिलाएं नंगे पांव आस्था की डगर पर चल पड़े। सिर पर खाने पीने के सामान की गठरी और कंधे पर झोला लटकाए ग्रामीण महिलाओं के श्रद्धाभाव को देख शहर में आए विदेशी पर्यटक चकित रह गए। पापों के शमन के लिए परिक्रमा पथ में शामिल श्रद्धालु पूरे 75 तीर्थों का परिक्रमा कर रहे हैं। कठिन यात्रा की शुरूआत बुधवार देर शाम पंच विनायकों के दर्शन, बाबा विश्वनाथ के मुक्ति मंडप में संकल्प और मणिकर्णिका तीर्थ पर स्नान और मणिकर्णिकेश्वर महादेव के दर्शन से हुई। रात में श्रद्धालु मणिकर्णिका घाट से नाव से अस्सी घाट पहुंचे। फिर यहां से नंगे पाव पैदल अस्सी स्थित जगन्नाथ मंदिर, श्री संकटमोचन होते हुए वरुणा पुल तक यात्रा किया। चौकाघाट के पास रात्रि विश्राम के दौरान श्रद्धालुओं ने सड़क किनारे बाटी चोखा का प्रसाद ग्रहण किया। शिव आराधना समिति के डॉ. मृदुल मिश्र बताते हैं कि सनातन धर्म में माना जाता है कि अंतरगृही यात्रा करने से जीवन में हुए पापों का प्रायश्चित होता है। त्रेतायुग में माता सीता ने अंतरगृही यात्रा की शुरूआत की थी।

## हनी ट्रैप में फंसाकर अविवाहित अधेड़ से पांच लाख की लूट




**नोएडा।** उप्र के नोयडा में एक अविवाहित 51 वर्षीय व्यक्ति को दो लड़कियों ने हनीट्रैप में फंसाकर शादी का वादा किया तथा उन्हें मिलने के लिए ग्रेटर नोएडा के एक पार्क में बुलाया। वहां पर उन्होंने उनके साथ मारपीट कर उनके पास रखे हुए 5 लाख रुपए लूट लिया। पीड़ित के अनुसार वह पहले लड़कियों को 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर चुका है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गौतम ने बताया कि गांव भनोता खेड़ी के रहने वाले विकल सिंह पुत्र दिना सिंह ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी उम्र 51 वर्ष है। वह अविवाहित है। पीड़ित के अनुसार कुछ दिन पहले उनके मोबाइल फोन पर एक फोन आया। उधर से एक लड़की बोल रही थी। उसने अपनी मीठी-मीठी बातों में उन्हें फंसाया तथा शादी का वादा किया। पीड़ित के अनुसार जो लड़की बात कर रही थी उसकी सहेली बनकर एक अन्य लड़की भी उससे बात करने लगी। दोनों लड़कियों का नाम विनिक्षा और खुशी है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने उन्हें अपने प्रेम जाल में फंसाया तथा धीरे-धीरे करके ऑनलाइन उनसे अपने खाते में 50 हजार रुपए डलवा लिया। फोन पर बात करने के दौरान उन्होंने कहा कि आपसे शादी करेंगी। पीड़ित के अनुसार एक युवती ने उनसे कहा की शादी से पहले गोवा घूमने चलते हैं। इसके लिए टिकट आदि बुक करनी है, जिसमें करीब 5 लाख रुपए का खर्च होगा। पीड़ित के अनुसार वह लड़कियों के साथ गोवा घूमने के लालच में आ गए तथा उनके द्वारा बताए गए कासना के निहाल देव पार्क में 29 नवंबर को पहुंचे।

पीड़ित के अनुसार दोनों लड़कियां आई। उनसे मीठी-मीठी बातें कर रही थी। इसी बीच दो लड़के वहां पर आए। उन्होंने उनके साथ मारपीट करते हुए उनके पास रखे हुए 5 लाख रुपए ले लिए। दोनों लड़की और लड़कों ने कहा कि अगर तुम इस बात का कहीं जिक्र करोगे तो तुम्हारी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। पीड़ित के अनुसार वह इस बात से घबरा गए तथा उन्होंने इस बात को किसी को नहीं बताया। पीड़ित के अनुसार बीती रात को जब उनके भतीजे ने उनसे 5 लाख रुपए का हिसाब मांगा तो वह हिसाब देने में विफल रहे। उन्होंने अपने भतीजे को आपबीती बताई। मीडिया प्रभारी ने बताया कि पीड़ित ने बुधवार की रात को थाना कासना में पहुंचकर शिकायत की है। इस मामले में थाना कासना पुलिस ने विनिक्षा, खुशी और दो अज्ञात लड़कों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2),115(2),61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## बिना अधिकार की बेची रेडिसन ब्लू होटल की मेंबरशिप, 40 लाख की ठगी, 3 के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**नोएडा।** थाना बीटा- दो में रेडिसन ब्लू होटल के एक अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी कंपनी के साथ तीन लोगों ने धोखाधड़ी कर करीब 40 लाख रुपए की ठगी कर ली है।

थाना बीटा- दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बीती रात को संजय कुमार गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मैसर्स विक्टोरा हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि है। उनके अनुसार उनकी कंपनी रेडिसन ब्लू होटल ग्रेटर नोएडा साइट -4 में संचालित करती है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपने होटल के मेंबरशिप बेचने के लिए, प्रचार प्रसार करने और ग्राहक प्रबंधन का दायित्व एक कंपनी के दो निदेशकाएं सोनिया मित्रा और गीता रानी को सौपा था। उनके अनुसार जांच में पता चला कि गीता रानी के पति आशीष वर्मा भी इनके साथ संचालन में संलिप्त थे। उन्हीं के मेल से सारा पत्राचार होता था।

## पेट्रोल पंप व नैना इलेक्ट्रॉनिक्स संचालक के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई, देर रात से चल रही जांच से क्षेत्र में हड़कंप






**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में बुधवार-गुरुवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे से शुरू हुई पुलिस और विभिन्न विभागों की संयुक्त बड़ी कार्रवाई ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप संचालक एवं नैना इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक कमल वर्मा के आवास सहित उनके सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर एक दर्जन से अधिक टीमों ने एक साथ छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों में तरहझ्तरह की चचाएं शुरू हो गईं।

सूत्रों के मुताबिक छापेमारी की तैयारी पूरी तरह गोपनीय रखी गई थी। आधी रात के बाद टीमों ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड की गहराई से जांच शुरू कर दी। कार्रवाई की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी लोकेशनों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की भीड़ या बाधा न उत्पन्न हो सके। स्थानीय पुलिस पूरे मामले पर पैनी नजर बनाए हुए है और इलाके में सुरक्षा कारणों से लोगों के आवागमन पर भी अस्थायी रोक लगाई गई है।

टीमों ने कमल वर्मा के शहर स्थित आवास, पेट्रोल पंप, नैना इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम सहित अन्य संबंधित ठिकानों को रडार पर लेते हुए वित्तीय लेनझ्देन, संपत्ति संबंधी कागजात और व्यावसायिक रिकॉर्ड की जांच जारी रखी है। बताया जा रहा है कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को जब्त कर विशेषज्ञों की टीम द्वारा जांच की जा रही है। हालांकि छापेमारी किस विशेष मामले से जुड़ी है, इस बारे में अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

सुबह करीब 7 बजे जैसे ही कार्रवाई की जानकारी आम लोगों तक पहुंची, पूरे जिले में चचाओं का दौर तेज हो गया। कई स्थानों पर लोग समूह बनाकर जांच से जुड़े अपडेट जानने की कोशिश करते नजर आए। भारी पुलिस बल और विभागीय अधिकारियों की गतिविधियों से वातावरण तनावपूर्ण बना रहा।

फिलहाल सभी टीमों द्वारा प्रतिष्ठानों पर जांच कार्य जारी है। अधिकारियों का कहना है कि आवश्यक दस्तावेजों के परीक्षण के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा। जांच पूरी होने तक यह मामला औरैया जिले में चर्चा का केंद्र बना रहेगा। जल्द ही प्रशासन की ओर से मामले से संबंधित आधिकारिक बयान जारी किए जाने की संभावना है।

## 14 वर्षीय छात्रा लापता




**नोएडा।** उप्र के नोयडा में थाना फेस -3 क्षेत्र से 14 वर्षीय छात्रा लापता हो गई है। उसके पिता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

थाना फेस -3 के प्रभारी निरीक्षक पुनीत कुमार ने बताया कि बीती रात को एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सिक्योरिटी गार्ड के पद पर एक कंपनी में काम करते हैं। पीड़ित के अनुसार 2 दिसंबर को वह ड्यूटी पर गए थे। उसी दिन शाम के समय उनके मकान की देखभाल करने वाले गुड्डू नाम के व्यक्ति ने फोन किया कि तुम्हारी 14 वर्षीय बेटी घर से बैग लेकर निकल गई है, तथा अपने 7 वर्षीय भाई को घर पर छोड़ गई है। काफी ढूंढने के बाद भी वह मिल नहीं रही है। पीड़ित के अनुसार उनकी 14 वर्षीय बेटी राधे पब्लिक स्कूल मामूरा में सातवीं कक्षा में पढ़ती है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवसाद में युवक ने जहर खाकर दी जान

पत्नी की मौत का सदमा न झेल सका पति




**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में चुनार कोतवाली क्षेत्र के गोबरदहा गांव में बुधवार की रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां अवसाद से जूझ रहे 37 वर्षीय किसान ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपनी पत्नी की हाल ही में हुई मौत के बाद गहरे सदमे में था।

सक्तेशगढ़ चौकी क्षेत्र के निवासी विनोद पाल खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण–पोषण करते थे। परिवार के मुताबिक, 28 अक्तूबर को उनकी पत्नी रीना की मौत हो गई थी, जिसके बाद से विनोद मानसिक रूप से टूट चुके थे। मामा दिनेश पाल ने बताया कि पत्नी के निधन के बाद विनोद खुद को बिल्कुल अकेला महसूस कर रहे थे और लगातार अवसाद में रहते थे।

# अपडेट- काशी तमिल संगमम-4.0: तमिलनाडु का दूसरा दल काशी में भव्य स्वागत से अभिभूत

### गंगा तट, घाटों, तथा शहर के प्रमुख सांस्कृतिक और शैक्षिक स्थलों का भ्रमण भी करेंगे





**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में आयोजित काशी तमिल संगमम-4.0 में भाग लेने के लिए तमिलनाडु से दूसरा दल भी काशी पहुंच गया है। इस दल में अध्यापक (टीचर्स डेलिगेशन) शामिल है। बुधवार की देर रात दूसरा दल विशेष ट्रेन से मंडुवाडीह स्थित बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचा। स्टेशन पर उतरते ही मेहमानों का काशी के पारंपरिक तरीके से डमरू वादन,पुष्प वर्षा और ह्यहर-हर महादेवक्क तथा 'वणक्कम काशीक्क के उदघोष से भव्य स्वागत किया गया। स्टेशन पर स्वागत समारोह में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु तथा वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी स्वयं उपस्थित रहे। दोनों जन प्रतिनिधियों ने मेहमानों को काशी की सांस्कृतिक आत्मीयता और तमिल-काशी के ऐतिहासिक संबंधों की जानकारी देते हुए उनका अभिनंदन किया।

**—तमिल मेहमानों में दिखा उत्साह**

स्टेशन पर पारंपरिक स्वागत से तमिल दल के सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई मेहमानों ने कहा कि काशी में मिल रही गर्मजोशी और आध्यात्मिक वातावरण उनके लिए अविस्मरणीय है। डमरू वादन की ध्वनि से पूरा परिसर शिवमय हो गया और काशी व तमिलनाडु की सांस्कृतिक एकता की झलक साफ दिखाई दी।

## घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख होने से महंगा हुआ सोना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 620 रुपये प्रति ग्राम से लेकर 680 रुपये प्रति ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 3,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की छलांग लगाई है। सोने की कीमत में कमजोरी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,30,490 रुपये से लेकर 1,30,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,19,610 रुपये से लेकर 1,19,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,88,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,30,640 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,30,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,30,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने आंतरिक पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी की

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी खुदरा कंपनी रिलायंस रिटेल लिमिटेड (आरआरएल) ने आंतरिक पुनर्गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके तहत उसके उपभोक्ता कारोबार को नई इकाई न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (न्यू आरसीपीएल) में हस्तांतरित कर दिया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को जानकारी में बताया कि न्यू आरसीपीएल अब रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की प्रत्यक्ष अनुषंगी कंपनी बन गई है। यह योजना एक दिसंबर से प्रभावी हो गई है और इसमें उद्योगपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले समूह की 83.56 फीसदी हिस्सेदारी होगी। आरआरएल के मुताबिक यह योजना 1 दिसंबर, 2025 से प्रभावी हो गई है। योजना के तहत कंपनी की अनुषंगी कंपनी आरसीपीएल अब एक दिसंबर से अस्तित्व में नहीं है। आरआरवीएल में मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की 83.56 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि आरआरवीएल में अन्य निवेशकों की 16.44 फीसदी हिस्सेदारी है। आरसीपीएल एफएमसीजी क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनियों में से एक है। इसने वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी स्थापना के बाद से केवल तीन वर्ष में 11,000 करोड़ रुपये का राजस्व पार कर लिया है। रिलायंस ने 2022 में एफएमसीजी बाजार में प्रवेश किया था। उसके बाद से इसने कैंपा कोला सहित कई ब्रांड का अधिग्रहण किया।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र की बिक्री पेशकश शुरू, सरकार बेचेगी 6 फीसदी तक हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) की बिक्री पेशकश (ओएफएस) गैर-खुदरा निवेशकों के लिए 54 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर खुल गया। इस बैंक में सरकार न्यूनतम मूल्य पर अपनी छह फीसदी हिस्सेदारी बेचकर लगभग 2,492 करोड़ रुपये जुटाएगी। शेयर बिक्री के विवरण-पत्र के मुताबिक बुधवार को खुदरा निवेशकों के लिए ओएफएस खुलेगा। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बिक्री पेशकश के लिए न्यूनतम मूल्य 54 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर बैंक के शेयरों के सोमवार के बंद भाव 57.66 रुपये प्रति शेयर से 6.34 फीसदी कम है। सरकार के पास वर्तमान में पुणे स्थित इस बैंक में 79.60 फीसदी हिस्सेदारी है। आधार प्रस्ताव में 38,45,77,748 शेयर शामिल हैं, जो बैंक की चुकता शेयर पूंजी का पांच फीसदी है। इसके अतिरिक्त 7,69,15,549 शेयर यानी एक फीसदी हिस्सेदारी 'ग्रीन-शू' विकल्प के तहत उपलब्ध है। इससे इसका कुल आकार 46.14 करोड़ शेयर या छह फीसदी हिस्सेदारी बैठता है। ओएफएस के बाद हिस्सेदारी को कम करने से बैंक 25 फीसदी की न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंड को पूरा करने में सक्षम हो जाएगा। सरकारी हिस्सेदारी 75 फीसदी से कम हो जाएगी। यह ओएफएस भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से जारी प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) नियमों के तहत है। इसके अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र सहित सभी सूचीबद्ध कंपनियों में न्यूनतम 25 फीसदी की सार्वजनिक शेयरधारिता होना अनिवार्य है।

## डिजिटल दौर की जटिल चुनौतियों से निपटने को जरूरी है वैश्विक सहयोग: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आर्थिक गतिविधियों के डिजिटलीकरण और नए वित्तीय उत्पादों के आने से वैश्विक अर्थव्यवस्था नई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन मुद्दों पर सभी अधिकार क्षेत्रों को मिलकर कार्रवाई करने की जरूरत है। वित्त मंत्री सीतारमण ने यहां आयोजित 18वीं वैश्विक मंच की पूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि नई चुनौतियां हैं जिनके लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने संबोधन में खास तौर पर अर्थव्यवस्था के डिजिटलाइजेशन, नए वित्तीय उत्पादों के आने और लाभकारी स्वामित्व के बदलते स्ट्रक्चर की ओर इशारा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सभी देशों के बीच सामूहिक कार्रवाई बेहद जरूरी है।

# राज्यसभा ने मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 लोकसभा को लौटाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मणिपुर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विधेयक, 2025 लोकसभा को वापस भेज दिया, यह पूर्वोत्तर के राज्य में जीएसटी 2.0 सुधारों को लागू करने के लिए लाए गए अध्यादेश की जगह लेगा। संसद के निचले सदन लोकसभा ने सोमवार को यह विधेयक पास कर दिया था। राज्यसभा बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इससे पहले सदन के पटल पर मणिपुर माल एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 को रखा, जिसको जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए लाया गया था। इस विधेयक पर केंद्रीय वित्?त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा का जवाब दिया, जिसका मकसद पूर्वोत्तर राज्य में जीएसटी 2.0 सुधारों को लागू करने के लिए लाए गए अध्यादेश की जगह लेना है।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में विपक्ष पर मणिपुर के लिए 'मगरमच्छ के आंसू' बहाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य के हितों से जुड़े विधेयकों पर सदन में चर्चा में वह शामिल नहीं होता है। वित्त मंत्री ने मणिपुर माल एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। सीतारमण ने मणिपुर माल एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा, सिर्फ यूएचटी दूध को डिब्बाबंद करते समय ऊंचे तापमान पर गर्म करने के बाद पैक किया जाता है। खोलने से पहले उसे फ्रिज में रखने की जरुरत नहीं पड़ती। डिब्बा खोलने के बाद ही फ्रिज में रखने की जरुरत पड़ती है। उस पर पहले टैक्स लगता था, वो अब जीरो हो गया है। उन्होंने कहा कि आज का जो संशोधन है, उससे ट्रैक और ट्रेस सिस्टम स्थापित करने में मदद मिलेगी। एक बार ऐसा सिस्टम बन जाए तो लिकेज रोकना आसान हो जाएगा। सप्लाई के समय वाउचर बनाने के नियम में आसान हो जाएंगे। इसके बाद राज्यसभा ने थोड़ी चर्चा और वित्त मंत्री के बयान के बाद विधेयक को संसद के निचले सदन लोकसभा में वापस भेज दिया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और सभी राज्यों के प्रतिनिधियों वाली 56वीं वस्?तु एवं सेवा कर (जीएसटी) काउंसिल ने 5, 12, 18 और 28 फीसदी स्लैब को मिलाकर 2, 5 और 18 फीसदी में लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी रेट को सही करने का फैसला किया था। वहीं, अल्ट्रा-लग्जरी चीजों पर 40 फीसदी जीएसटी रेट का प्रस्ताव है। नए जीएसटी टैक्स रेट 22 सितंबर, 2025 को लागू किए गए थे। चीज़ों और सेवाओं पर जीएसटी रेट में बदलाव को लागू करने के लिए राज्य के जीएसटी कानूनों में बदलाव करना ज़रूरी है।

## रामकृष्णन चंदर ने एलआईसी के प्रबंध निदेशक का संभाला कार्यभार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रामकृष्ण चंदर ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) के तौर पर कार्यभार संभाला लिया है। चंदर को एलआईसी के प्रबंध निदेशक के रूप में एक दिसंबर से नियुक्त किया गया है।बीमा कंपनी ने कहा कि उन्हें भारत सरकार अधिसूचना के तहत प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। चंदर की यह नियुक्ति भारत सरकार की अधिसूचना के बाद हुई है। प्रबंध निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले उन्होंने एलआईसी के मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) और निवेश (फ्रंट ऑफिस) विभाग के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया है। रामकृष्णन चंदर वर्ष 1990 में एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में एलआईसी में शामिल हुए थे। उन्होंने वरिष्ठ मंडल प्रबंधक, विपणन और पेंशन और समूह योजनाओं के क्षेत्रीय प्रबंधक और अंतरराष्ट्रीय संचालन के लिए एलआईसी की रणनीतिक व्यापार इकाई के कार्यकारी निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर काम किया है।



## लगातार तीसरे दिन गिरा शेयर बाजार, निवेशकों को 2.01 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने कुछ देर के लिए लिवाली का जोर बनाया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया। पूरे दिन के कारोबार में बिकवाल हावी बने रहे, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कभी भी लाल निशान से उबर नहीं पाए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।माना जा रहा है कि आज के कारोबार में मुद्रा बाजार में डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत में आई गिरावट, स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही बिकवाली, कमजोर ग्लोबल संकेतों और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में आई जोरदार गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार पूरी तरह से मंदड़ियों के चंगुल में फंसा रहा। खरीदारों ने कई बार लिवाली का जोर बनाने की भी कोशिश की। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार नहीं हो सका।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके अलावा ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और मेटल इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 472.51 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 474.52 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.01 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,316 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,596 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,554 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 166 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,823 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## एचपी इंडिया ने लेजर एम-300 सीरीज का किया विस्तार, तीन नए प्रिंटर किए पेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कंप्यूटर हार्डवेयर बनाने वाली कंपनी एचपी इंडिया ने लेजर एम-300 सीरीज का विस्तार करते हुए भारतीय बाजार में प्रिंटर के तीन नए मॉडल पेश किए हैं। इस मॉडल में एचपी लेजर 335डीएन की कीमत 24,000 रुपये, लेजर 335डीडब्ल्यू की 25,500 रुपये और एमएफपी 355एचडीएलडब्ल्यू की 37,875 रुपये है। एचपी इंडिया के वरिष्ठ निदेशक (प्रिंट कैटेगरी) सतीश कुमार ने बताया कि भारतीय बाजार में एचपी लेजर 335डीएन, लेजर 335डीडब्ल्यू और एमएफपी 355एचडीएलडब्ल्यू मॉडल के प्रिंटर पेश किए हैं। ये ऑटो-डुप्लेक्स प्रिंटर हैं, जो हाई-वॉल्यूम और हाई-परफॉर्मेंस प्रिंटिंग के लिए डिजाइन किये गए हैं। इस नई रेंज में तेज आउटपुट, कम ऑपरेटिंग लागत और बेहतर दक्षता है। ये नए ऑटो-डुप्लेक्स प्रिंटर भारत के एसबीएम, एंटरप्राइज और प्रिंट शॉप सेगमेंट के लिए एम300 मोनोक्रोम लेजर पोर्टफोलियो को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने बताया कि इसमें 20 फीसदी रिसाइकल्ड प्लास्टिक का उपयोग किया गया है, जिससे यह भारत के तेजी से विकसित हो रहे किफायती समाधान चाहने वाले व्यवसायों की जरूरतें पूरी होंगी। लेजर एम300 सीरीज प्रिंटर का विस्तार भारतीय व्यवसायों को ऐसी प्रिंट तकनीक देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो उत्कृष्ट परफॉर्मेंस, विश्वसनीयता और उच्च गुणवत्ता प्रदान करती है। यह नए मॉडल एसबीएम, प्रिंट शॉप्स और एंटरप्राइजेज को तेजी से बदलती, कनेक्टेड दुनिया में प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद करेंगे।




# मप्र विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट पेश, 13476.94 करोड़ रुपये का प्रावधान

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन राज्य सरकार द्वारा सदन में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए द्वितीय अनुपूरक अनुमान पेश किया है। इस पर गुरुवार, चार दिसंबर को 3:30 घंटे चर्चा होगी। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किए गए दूसरे अनुपूरक बजट में कुल 13476 करोड़ 94 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है। इसमें राजस्व मद में 8,448.57 करोड़ और पूंजीगत मद में 5,028.37 करोड़ शामिल हैं। सरकार ने इस अनुपूरक बजट में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचा, जल संसाधन और औद्योगिक निवेश जैसे अहम क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया है।

दूसरे अनुपूरक बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण विकास विभाग को 4,000 करोड़ रुपये का प्रावधान दिया गया है। पंचायत विभाग को पंद्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार



1,633 करोड़ रुपये के अनुदान का प्रावधान किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के लिए राजस्व मद में 1,794 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत उत्पादन संस्थाओं को ऋण सहायता हेतु 2,000 करोड़ रुपये की पूंजीगत राशि का प्रावधान किया गया। इसी तरह, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग को भूमि अधिग्रहण, सर्वे, डिमार्केशन और सेवा शुल्क हेतु 650 करोड़ रुपये दिए गए हैं। नर्मदा घाटी विकास विभाग के लिए सरदार सरोवर डूब प्रभावित क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण और अन्य कार्यों के लिए 600 करोड़ रुपये, बरगी नहर विस्तार योजना के लिए 200 करोड़ रुपये, इंदिरा सागर परियोजना (एमसीएडी) के लिए 94 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जल संसाधन विभाग को भी बांध व संबंधित कार्यों के लिए 300 करोड़ रुपये तथा बहुती फिल्टर संयंत्र-2 फेज-2 के लिए 63 रुपये करोड़ आवंटित हुए हैं। किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग के अंतर्गत भावांतर/लेट रेट योजना पर 500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शहरी विकास एवं अमृत मिशन में अमृत 2.0 मिशन के तहत अटल मिशन फॉर रीजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन के लिए 150 करोड़, मिलियन प्लस शहरों के लिए 115 करोड़, एक लाख से कम आबादी वाले शहरों के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## बिजनौर में जीएसटी इंटेलिजेंस का व्यापारी के घर - गोदाम पर छापा




एजेंसी

**बिजनौर।** केन्द्रीय इंटेलिजेंस जीएसटी ने बिजनौर जिले के चांदपुर शहर में एक प्रमुख व्यापारी के निवास पर आज अचानक पहुंच कर छानबीन शुरु कर दी। इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मचा है। ये व्यापारी कई खाने पीने की कंपनयों के प्रोडक्ट के होलसेल डीलर हैं और सालाना करोड़ों रुपए का व्यवसाय करते हैं। उनका गोदाम भी घर के एक हिस्से में है।छापे की कार्यवाही देख कर स्थानीय कहीं व्यापारियों ने टीम से बात करने की कोशिश की लेकिन टीम ने जांच से पहले किसी आधिकारिक बयान देने से मना कर दिया । व्यापारियों के ज्यादा पूछताछ करने पर टीम के सदस्यों ने बताया कि वे लोग केंद्रीय जीएसटी इंटेलिजेंस से है।

## नई दिल्ली के भारत मंडपम में अगले साल मई में कैट लगाएगा पहला 'स्वदेशी मेला'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वदेशी जागरण मंच तथा देश के प्रमुख संगठनों के साथ मिलकर अगले साल मई में भारत मंडपम में 'स्वदेशी मेला' लगाने का फैसला लिया है। इसका उद्देश्य देश के घरेलू व्यापार, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम, लघु उद्योगों, कारीगरों, एमएसएमई और मेड इन इंडिया उत्पादों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर लाना है। यह अब तक का सबसे भव्य और सबसे बड़ा व्यापारिक आयोजन होगा। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा चांदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि 25 नवंबर को नई दिल्ली में कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की एक बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कारोबारी संगठन कैट को स्वदेशी मेला लगाने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल भारत के व्यापार, उद्योग और कारीगरी की शक्ति को प्रदर्शित करेगा, बल्कि मेड इन इंडिया उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय उद्यमशीलता को नए शिखर तक ले जाने का सबसे बड़ा मंच बनेगा। खंडेलवाल ने कहा कि देशभर के उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, महिला उद्यमियों, कारीगरों व छोटे निर्माताओं के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है कि वे अपने उत्पादों और नवाचारों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजारों के सामने प्रस्तुत कर सकें। खंडेलवाल ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति डॉ. राम गोपाल गोयल की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय संचालन बोर्ड विशेष रूप से गठित किया गया है। इस बोर्ड में देश के सभी राज्यों के व्यापार एवं उद्योग जगत से जुड़े 65 अनुभवी और प्रभावशाली सदस्य, जिनमें बड़ी संख्या में महिला एवं युवा उद्यमियों को भी शामिल जोड़ा गया है। उन्?होंने कहा कि संचालन बोर्ड की पहली अहम बैठक 4 दिसंबर को नई दिल्ली में होगी, जिसमें मेले की व्यापक रूपरेखा, थीम, प्रदर्शनी का स्वरूप, देशव्यापी प्रचार योजना और भारतीय उत्पादों को अधिकतम प्रोत्साहन देने की रणनीति पर निर्णायक चर्चा होगी। कैट महामंत्री ने बताया कि बैठक में व्यापारिक संगठनों, किसान समूहों, ट्रांसपोर्ट और लोजिस्टिक क्षेत्र, ट्रैवल एवं टूरिज्म, एमएसएमई, स्टार्ट-अप समुदाय के संगठनों के नेता भी विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। लघु उद्योग भारती,एमएसएमई डेवलपमेंट फोरम, फेडरेशन ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन तथा प्रोफेशनल संगठनों के राष्ट्रीय नेताओं को आमंत्रित किया गया है। साथ ही देश के कई प्रमुख एक्सपो एवं प्रदर्शनी विशेषज्ञों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, ताकि स्वदेशी मेला-2026 वास्तव में 'भारत के स्वदेशी व्यापार और उद्योग का दर्पण' बन सके। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह मेला भारत मंडपम में मेगा स्केल पर आयोजित होगा। उन्?होंने बताया कि 4 दिसंबर की बैठक में मेले की विस्तृत योजना और लेआउट को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों, उद्योग, व्यापार, स्टार्ट-अप, महिला उद्यमी, कारीगर, फूड प्रोसेसिंग, आयुर्वेद, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, टेक्नोलॉजी, ई-कॉमर्स आदि के लिए अलग-अलग कमेटियां बनाई जाएंगी। देशभर से स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल आमंत्रित करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू होगा। हर राज्य में स्टीयरिंग कमेटी बनाई जाएगी जो इस मेगा इवेंट के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुंचाएगी।

## डीआरआई ने 10.42 करोड़ रुपये कीमत की 45,984 ई-सिगरेट जब्त कीं, 3 गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई) ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन बंदरगाह पर ई-सिगरेट तस्करी के बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान में 10.42 करोड़ रुपये कीमत की 45,984 ई-सिगरेट जब्त कीं और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

वित्त मंत्रालय ने जानकारी दी कि राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई) ने तूतीकोरिन पोर्ट पर 10.41 करोड़ रुपये की बैन इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट से जुड़े एक बड़े स्मगलिंग ऑपरेशन का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई ने 27 नवंबर को विशेष जानकारी




के आधार पर कि ई-सिगरेट की तस्करी में शामिल एक गैंग ने छाते की आड़ में तूतीकोरिन पोर्ट के जरिए चीन से ई-सिगरेट वाले एक कंटेनर भारत में लाने की योजना को रोका और उसकी जांच की। मंत्रालय के मुताबिक राजस्व खुफिया विभाग को उस कंटेनर की जांच के दौरान कुछ कार्टन में छातों का माल मिला, जबकि एक बड़े हिस्से में उनके पीछे ई-सिगरेट छिपी हुई मिली। इसमें अलग-अलग फ्लेवर की कुल 45,984 ई-सिगरेट मिली, जिनकी कुल कीमत 10.41 करोड़ रुपये थी, जिसे 4,300 छातों के साथ छिपाई गई थीं, जिनकी कीमत 4.30 लाख रुपये थी। एजेंसी ने उन्हें 27 नवंबर को कस्टम्स एक्ट, 1962 के नियमों के तहत बरामद करके जब्त कर लिया।

## चांदी के भाव में तेजी से चेन्नई में 2 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंची कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी के भाव में आज जोरदार तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज इस चमकीली धातु की कीमत में सिर्फ 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज की इस तेजी के कारण देश के अलग अलग सर्राफा बाजारों में चांदी 1,87,900 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 1,96,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव पर बिक रही है। दिल्ली में आज चांदी की कीमत उछल कर 1,88,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। इसी तरह मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में भी चांदी 1,87,900 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही है। जबकि जयपुर, सूरत और पुणे में चांदी 1,88,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। वहीं बेंगलुरु में चांदी 1,88,400 रुपये के स्तर पर और पटना तथा भुवनेश्वर में 1,88,000 प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश में चांदी की सबसे अधिक कीमत अभी भी चेन्नई और हैदराबाद में है, जहां ये चमकीली धातु आज 1,96,100 रुपये के स्तर पर आ गई है। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि इन दिनों चांदी सिर्फ जेवरों या पूजा में इस्तेमाल होने वाली मेटल नहीं रह गई है। अब मोबाइल फोन, कंप्यूटर चिप्स, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों से लेकर सोलर पैनल तक कई लेटेस्ट तकनीकों में चांदी एक जरूरी मेटल बन चुकी है।

## लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम लो का नया रिकॉर्ड, 90 के स्तर लुढ़की भारतीय मुद्रा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा रुपये की कीमत में गिरावट लगातार जारी है। आज लगातार दूसरे दिन रुपये ने डॉलर की तुलना में ऑल टाइम लो का नया रिकॉर्ड बनाया। मुद्रा बाजार के इतिहास में पहली बार भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 90 रुपये के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गई। हालांकि बाद में डॉलर की डिमांड में कुछ कमी आने के कारण रुपये की स्थिति में मामूली सुधार हुआ, जिससे भारतीय मुद्रा 42 पैसे की कमजोरी के साथ ऑल टाइम लो क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 89.95 रुपये प्रति डॉलर (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 89.53 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 17 पैसे की कमजोरी के साथ 89.70 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद डॉलर की डिमांड बढ़ने के कारण लगभग पूरे दिन रुपये पर दबाव बना रहा। इसी दबाव के



बीच डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 90 रुपये के अभी तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। हालांकि बाद में आयातकों की ओर से डॉलर की मांग कम होने पर रुपया निचले स्तर से 5 पैसे की सुधार के साथ 89.95 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। मुद्रा बाजार के आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी कमजोर प्रदर्शन किया। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 22.84 पैसे की कमजोरी के साथ 118.74 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 29.98 पैसे की गिरावट के साथ 104.35 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच कर बंद हुआ। मुद्रा बाजार में रुपये की लगातार जारी कमजोरी के संबंध में टीएनवी फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ तारकेश्वर नाथ वैष्णव का कहना है कि भारत के बढ़ते व्यापार घाटे (ट्रेड डेफिसिट) से चालू वित्त वर्ष में करंट अकाउंट डेफिसिट के और बढ़ने की उम्मीद है। एचएसबीसी ने भी भारत का करंट अकाउंट डेफिसिट पिछले साल के 0.6 प्रतिशत से बढ़कर इस वित्त वर्ष में जीडीपी का 1.4 प्रतिशत हो जाने का अनुमान जाहिर किया है। तारकेश्वर नाथ का कहना है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी रुपये पर दबाव बनाया है। भारत की अमेरिका के साथ ट्रेड डील में देरी होने से भी रुपये पर निगेटिव असर पड़ रहा है। इसके अलावा कच्चे तेल का इंपोर्ट बढ़ने और एक्सपोर्ट के मोर्चे पर आई कमजोरी करेंट अकाउंट डेफिसिट में उछाल आया है। इसकी वजह से डॉलर-रुपये ट्रेड के अहम टेक्निकल स्तर ब्रेक हुए हैं। एक अहम बात जीडीपी विकास दर की भी है। पिछली तिमाही में विकास दर में आई तेजी के बाद ब्याज दर घटने की गुंजाइश भी कम हुई है। इसका भी रुपये की मजबूती पर निगेटिव असर पड़ रहा है।

## आईटीएफ एम15 टूर्नामेंट के दूसरे दौरे में पहुंचे हितेश चौहान

एजेंसी
**चंडीगढ़।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी के युवा खिलाड़ी हितेश चौहान ने आईटीएफ मेन्स वर्ल्ड टेनिस टूर एम15 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। प्रतियोगिता ग्वालियर चंबल टेनिस एसोसिएशन के कोर्ट्स पर जारी है। महज़ 17 वर्षीय और देश के नंबर-1 जूनियर खिलाड़ी हितेश ने पहले दौर में एक रोमांचक व संघर्षपूर्ण मैच में आदित्य बलसेकर को 4-6, 7-6, 6-4 से मात दी। शुरुआती सेट गंवाने के बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए टाईब्रेक में दूसरा सेट जीता और तीसरे सेट में स्थिर खेल दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम किया। हितेश ने मुख्य ड्रॉ में स्थान उस विशेष कोटा के तहत हासिल किया है, जो विश्व जूनियर रैंकिंग के टॉप-100 खिलाड़ियों के लिए निर्धारित होता है। अब दूसरे दौर में उनका सामना अमेरिका के आठवीं वरीयता प्राप्त प्रेस्टन ब्राउन और भारत के रोहन मेहरा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हालांकि, डबल्स में उनकी चुनौती पहले ही दौर में खत्म हो गई। हितेश और उनके साथी अर्जुन राठी को चौथी वरीयता प्राप्त अनुभवी जोड़ी मनीष सुरेशकुमार और आर्यन लक्ष्मणन ने 6-1, 6-0 से पराजित कर बाहर कर दिया।

## लखनऊ में चल रहे सैयद मुस्ताक अली ट्राफी सरफराज खान का शतक मुम्बई की असम पर बड़ी जीत

**लखनऊ।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप के मुकाबले में मुम्बई ने असम को 98 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मुम्बई ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 220 रन बनाए। तीसरे नंबर पर उतरे सरफराज खान ने 47 गेंदों पर नाबाद 100 रन जड़ते हुए टीम की पारी को मजबूती दी। उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। पहले विकेट के लिए आयुष म्हात्रे (21) और अजिंक्य रहाणे (42) ने सधी शुरुआत दी। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 12 गेंदों में 20 रन और सैराज पाटिल ने 9 गेंदों पर 25 रन बनाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी असम की शुरुआत बेहद खराब रही। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने 19 रन तक टॉप ऑर्डर के चार बल्लेबाज़ों को पवेलियन भेज दिया। देनिश दास खाता खोले बिना आउट हुए, जबकि विकेटकीपर सुमित (1), अब्दुल आज़िज़ (4) और एक अन्य बल्लेबाज़ भी शार्दुल की गेंदों पर बोल्ड हुए। असम 19.1 ओवर में 122 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सबसे अधिक रन शम्स मुलानी ने (41) बनाए।

## टोक्यो डेफलिंपिक्स में मेडल जीतने वाले सूरत के मोहम्मद मुरतज़ा का शहर पहुंचने पर हुआ स्वागत

**गुजरात।** जापान के टोक्यो में आयोजित समर डेफलिंपिक्स 2025 में दो मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले गुजरात के सूरत जिले के मोहम्मद मुरतज़ा वाणिया का सूरत लौटने पर शहर में जोरदार स्वागत किया गया। शूटिंग स्पर्धा में सिल्वर और ब्रॉन्ज सहित दो मेडल जीतकर इतिहास रचा है। मुरतज़ा डेफलिंपिक्स में दो पदक जीतने वाले गुजरात के पहले युवा खिलाड़ी बने हैं। 19 वर्षीय मुरतज़ा जन्म से सुन नहीं सकते, लेकिन उन्होंने राइफल शूटिंग में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर कई पदक जीते हैं। अब तक उनके खाते में 13 गोल्ड, 11 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल हैं। पिछले वर्ष वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैम्पियनशिप में भी उन्होंने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। मोहम्मद वाणिया का चार वर्ष की उम्र में कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन हुआ था। शुरुआती दिनों में उन्होंने टेबल टेनिस, स्विमिंग और रेस जैसे खेल खेले, लेकिन कान की मशीन में दिक्कत होने पर उन्होंने शूटिंग को अपना मुख्य खेल बनाया। जिला स्तर की पहली प्रतियोगिता में ही गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने आगे का रास्ता तय कर लिया।

## प्रयागराज के सत्यम का अरुणाचल प्रदेश की टीम में पदार्पण

**प्रयागराज।** शहर के क्रिकेटर सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की अलग-अलग राज्यों में अपने जलवे बिखेर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रयागराज के अल्लापुर निवासी सत्यम मौर्य का भी नाम जुड़ गया है। सत्यम ने बीसीसीआई द्वारा आयोजित मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्लेट ग्रुप के मैच में अरुणाचल प्रदेश के लिए अपना पदार्पण किया। यह जानकारी कोच गौरव पाठक ने देते हुए बताया कि पुणे में मिजोरम के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने नाबाद दो रन बनाए। सत्यम फाफामऊ स्थित राइजिंग स्टार क्रिकेट अकादमी में कोच गौरव पाठक से क्रिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। गौरव पाठक ने बताया कि दायें हाथ के बल्लेबाज




सत्यम पिछले एक साल से उनसे क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रहे हैं। सत्यम के पिता लाल चंद मौर्या अरुणाचल प्रदेश में ही सेना में कार्यरत हैं जबकि मां पुष्पा मौर्या एवं एक बहन अल्लापुर में ही रहती हैं।

# एथलीट संजना और उनके कोच संदीप डोपिंग मामले में अस्थायी रूप से निलंबित

एजेंसी
**नई दिल्ली।** हाल ही में रांची में आयोजित दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स सीनियर चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली 18 वर्षीय एथलीट संजना सिंह और उनके कोच संदीप मान को डोपिंग उल्लंघन के चलते अस्थायी निलंबन का सामना करना पड़ा है। यह एक दुर्लभ मामला है, जिसमें एथलीट के साथ उसके कोच को भी सज़ा दी गई है। संजना, जिन्होंने अक्टूबर में हुई प्रतियोगिता में महिलाओं की 1500 मीटर और 5000 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीते थे, उनके सैंपल में दो प्रतिबंधित स्टेरॉयड – मिथैंडीनोन और ऑक्सांड्रोलोन – पाए गए।

इसके बाद राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। 23 दिसंबर को 19 वर्ष की होने वाली संजना का नाम नाडा की वेबसाइट पर ताज़ा



अपडेट में दर्ज किया गया है।

नाडा ने एक एथलेटिक्स कोच संदीप के खिलाफ भी कार्रवाई की है, जिन्हें 'प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी या तस्करी के प्रयास' के आरोप में अस्थायी निलंबन दिया गया है। माना जा रहा है कि यह वही संदीप मान हैं, जिनके तहत संजना हरियाणा के रोहतक में प्रशिक्षण लेती हैं।

इसके अलावा, मध्य दूरी धावक हिमांशु राठी को भी मेफ़ेंटर्मिन नामक प्रतिबंधित उत्तेजक पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर अस्थायी निलंबित किया गया है।

त्रिपल जम्पर शीना वार्की ने लिगैंड्रोल के उल्लंघन के मामले में 'केस रेज़ोल्यूशन एग्रीमेंट' के तहत 3 साल के प्रतिबंध को स्वीकार कर लिया है। केरल की 33 वर्षीय एथलीट ने इस वर्ष उत्तराखंड नेशनल गेम्स में रजत पदक जीता था।

एक अन्य एथलीट बसंती कुमारी, जिन्होंने 2025 वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में मैराथन में हिस्सा लिया था, उनके सैंपल में 19-नोरएंड्रोस्टेरोन पाया गया है।

वहीं, हाल ही में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले वेटलिफ्टर शंकर लोगेस्वरन को ड्रोस्टेनोलोन स्टेरॉयड के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर अस्थायी निलंबन झेलना पड़ा है।

## मोनाल कप 2025: सचिवालय डेंजर और माइटी 11 ने दर्ज की शानदार जीत

एजेंसी
**देहरादून।** मोनाल कप 2025 में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में सचिवालय डेंजर ने सचिवालय बुल्स को 9 विकेट से हराया और दूसरे मैच में माइटी 11 ने रॉयल स्ट्राइकर्स पर 18 रनों से जीत हासिल की।

पहला मैच: सचिवालय डेंजर बनाम सचिवालय बुल्स

महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले मुकाबले में सचिवालय डेंजर ने सचिवालय बुल्स को 9 विकेट से पराजित किया। सचिवालय बुल्स की टीम 10 ओवर में मात्र 44 रन पर ऑल आउट हो गई। डेंजर के गेंदबाज़ नीरज भंडारी ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय डेंजर की टीम ने 5 ओवर में एक विकेट खोकर आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। बल्लेबाजी में अरविंद राणा ने 25 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। शानदार प्रदर्शन के लिए नीरज भंडारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दिन के दूसरे मुकाबले में माइटी 11 ने रॉयल स्ट्राइकर्स पर 18 रनों से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए माइटी 11 ने निर्धारित 20 ओवर में 120 रन बनाए, जिसमें दिव्यांशु डोभाल ने सर्वाधिक 27 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में रॉयल स्ट्राइकर्स के नीरज गिरी ने 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल स्ट्राइकर्स की टीम अच्छी शुरुआत के बावजूद 20 ओवर में 9 विकेट पर 102 रन ही बना सकी। टीम की ओर से अतुल परमार ने 24 रन बनाए, जबकि माइटी 11 के अंकित नौटियाल ने 4 विकेट लेकर मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंकित नौटियाल को उत्कृष्ट गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

## एमएलसी: सिएटल ऑर्काज़ के नए कोच बने एडम वोगेस

एजेंसी
**नई दिल्ली।** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच एडम वोगेस अगले सीज़न से मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में सिएटल ऑर्काज़ की कमान संभालेंगे। ऑर्काज़ ने लगातार पाँच मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कोच मैथ्यू मोट को बर्खास्त किया था, जिसके बाद वोगेस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वोगेस ने हाल ही में घोषणा की थी कि वह मौजूदा घरेलू सीज़न के बाद वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच पद से हट जाएंगे। ऐसे में उनके एमएलसी की किसी टीम के साथ जुड़ने की संभावना पहले से ही जताई जा रही थी। वोगेस ने फ्रेंजाइजी के हवाले से कहा, 'मैं सिएटल ऑर्काज़ के साथ जुड़कर काफी उत्साहित हूं। एमएलसी लगातार आगे बढ़ रहा है और मैं टीम को मैदान के अंदर और बाहर सफलता दिलाने की कोशिश करूंगा।' 2018 में जस्टिन लैंगर की जगह लेने के बाद से वोगेस ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को अभूतपूर्व सफलता दिलाई। उनकी कोचिंग में टीम ने कई खिताब अपने नाम किए और उन्हें भविष्य में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। मैकडॉनल्ड का वर्तमान अनुबंध 2027 तक है, लेकिन वह इसके आगे बढ़ाने के इच्छुक नहीं माने जा रहे। वोगेस ऑस्ट्रेलिया ए और राष्ट्रीय टीम के साथ भी कोचिंग का अनुभव रख चुके हैं। साथ ही, उन्होंने अपनी टी20 फ्रेंचाइज़ी कोचिंग यात्रा की शुरुआत 'द हंड्रेड' में ट्रेंट रॉकेट्स के सहायक कोच के रूप में की है।वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट वोगेस को अपने बीबीएल फ्रेंचाइज़ी पर्थ स्कॉर्चर्स के कोच के रूप में बनाए रखने पर भी बातचीत कर रहा है। उनके नेतृत्व में स्कॉर्चर्स ने बीबीएल 11 और बीबीएल 12 के खिताब जीते थे। एक खिलाड़ी के तौर पर भी वोगेस दो बार टीम को चैंपियन बना चुके हैं। वोगेस के हटने के बाद ब्यू कैसन और टिम मैकडोनाल्ड वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के नए मुख्य कोच के दावेदार हो सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट में 61.87 की औसत से 20 मैच खेलने वाले वोगेस का मुख्य लक्ष्य ऑर्काज़ को फिर से शीर्ष पर पहुंचाना होगा। 2023 में फाइनल खेलने वाली यह टीम 2024-25 में सिर्फ 17 में से 4 मैच जीत सकी थी। सिएटल ऑर्काज़ के प्रमुख हेमंत दुआ ने कहा, 'हम एडम वोगेस का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। वह जीत का मजबूत रिकॉर्ड, विश्वस्तरीय खिलाड़ियों को तैयार करने की क्षमता और टी20 फ्रेंचाइज़ी क्रिकेट की गहरी समझ लेकर आ रहे हैं। हमें विश्वास है कि उनकी शांत स्वभाव और रणनीतिक बुद्धिमत्ता टीम को खिताब तक ले जाने में मदद करेगी।'

## केआईयूजी 2025: एथलेटिक्स में चार मीट रिकॉर्ड टूटे, शूटिंग में सुरभि राव ने जीता गोल्ड

एजेंसी
**जयपुर।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) राजस्थान 2025 में दिन रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन और रोमांचक मुकाबलों के नाम रहा। सवाई मानसिंह स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन चार नए मीट रिकॉर्ड बने, जबकि शूटिंग में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की सुरभि राव ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण अपने नाम किया।

एथलेटिक्स: चार नए मीट रिकॉर्ड बनाए गए

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के राहुल ने पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक में 1:25:43.00 समय लेकर 2022 का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। वहीं महिलाओं के जेवलिन थ्रो में दीपिका ने 55.53 मीटर का थ्रो कर नया चढ्ढत रिकॉर्ड स्थापित किया।

स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के रुचिर मोरी ने पुरुषों की 400 मीटर हर्डल्स में 51.00 सेकंड का समय दर्ज कर रिकॉर्ड बनाया।

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की पूजा ने महिलाओं की हाई जंप में 1.77 मीटर की छलांग लगाकर नया मीट रिकॉर्ड दर्ज किया।

शूटिंग: सुरभि राव ने 10मी. एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता

जगतपुरा शूटिंग रेंज में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की सुरभि राव ने 238.9 स्कोर के साथ महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मनव रचना यूनिवर्सिटी की वाणी कौशल ने 237.6 स्कोर के साथ रजत और एलपीयू की लक्षिता ने 216.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। टीम इवेंट में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने गोल्ड, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने सिल्वर और डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ने कांस्य जीता।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की मजबूत दावेदारी

पिछले संस्करण की चैंपियन चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने कुल 11 स्वर्ण, जिनमें 7 कैनू और कयाकिंग से आए, जीतकर अपना गोल्ड टैली बढ़ाकर 22 कर ली।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय 31 स्वर्ण के साथ तालिका में अभी भी शीर्ष पर है, जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने 23 स्वर्ण पदक हासिल करके तीसरा स्थान मजबूत किया है।

अन्य प्रमुख परिणाम

कैनू/कयाकिंग में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने कई स्पर्धाओं में दबदबा बनाया। फुटबॉल पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिकट और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। हॉकी पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने 2-0 के समान अंतर से जीत हासिल की।

# एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025: स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर भारत क्वार्टरफाइनल में

एजेंसी
**चेन्नई/मदुरै।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में अपने शानदार अपराजित अभियान को जारी रखते हुए स्विट्जरलैंड को 5-0 से मात देकर क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली। रोहित की कप्तानी और पी.आर. श्रीजेश की कोचिंग में खेल रही भारतीय टीम अब 05 दिसंबर को बेल्जियम से मुकाबला करेगी। भारत ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। मुकाबले का पहला गोल दूसरे ही मिनट में जन्मदिन मना रहे मनमीत सिंह ने दागा। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार फील्ड गोल कर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। इसके तुरंत बाद, 13वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 3-0 कर दिया। साइक्लोन के बावजूद बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों को



भारतीय खिलाड़ियों के तेजतर्रार खेल ने रोमांचित कर दिया। पिछले मैच में ओमान के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले अर्शदीप सिंह ने 28वें मिनट में भारत का चौथा गोल दागा। उधर, गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने स्विट्ज़रलैंड के कई हमलों को शानदार बचाव से नाकाम किया। भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाए रखा। 54वें मिनट में शारदानंद तिवारी ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए न सिर्फ टीम का पांचवां गोल दागा, बल्कि 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी बने। इससे मैच पूरी तरह भारत के पक्ष में मुहर लग गई और स्विट्ज़रलैंड वापसी की कोशिश भी नहीं कर सका।

भारत इससे पहले चिली को 7-0 और ओमान को 17-0 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश कर चुका है। स्विट्जरलैंड पर 5-0 की बड़ी जीत ने टीम के आत्मविश्वास को और मजबूत किया है। भारत 05 दिसंबर को चेन्नई में क्वार्टरफाइनल में उतरेगा, जहां उसका सामना मजबूत टीम बेल्जियम से होगा। टीम की लगातार फॉर्म और आक्रामक खेल को देखते हुए भारतीय दर्शकों को एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

## रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी सीजन 3: गुरुग्राम में रेफरी ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू

एजेंसी
**गुरुग्राम।** रॉयल एनफ़ील्ड आइस हॉकी सीज़न 3 के तहत रेफरी ट्रेनिंग प्रोग्राम गुरुग्राम स्थित आईस्केट बाय रोज़िएट में शुरू हो गया है। यह 2025-26 सीज़न का दूसरा ऑन-ग्राउंड क्षमता-विकास कार्यक्रम है। 1 से 5 दिसंबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 20 से अधिक अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य हिमालयी क्षेत्रों में आइस हॉकी के तकनीकी आधार को मजबूत करना है।

इससे पहले प्रतिभागी रेफरी पूरे सीज़न में चलने वाले संरचित प्रशिक्षण ढांचे के तहत चार वर्चुअल मॉड्यूल पूरे कर चुके हैं। इन ऑनलाइन सत्रों ने उन्हें ऑफिशिएटिंग के मूल नियमों, तकनीकों और निर्णय लेने की प्रक्रिया से परिचित कराया, जिससे वे एक समान समझ के साथ ऑन-आइस प्रशिक्षण शुरू कर सकें। ऑन-आइस सत्रों का नेतृत्व हंगरी के अनुभवी आइस हॉकी विशेषज्ञ पीटर गेबेई कर रहे हैं। चार दशकों से अधिक के अनुभव, 57 अंतरराष्ट्रीय मैचों और शीर्ष यूरोपीय लीगों में रेफरी की भूमिका निभाने के बाद, वह अब इंटरनेशनल आइस हॉकी फेडरेशन के वरिष्ठ इंस्ट्रक्टर के रूप में उभरते अधिकारियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। उनका वैश्विक अनुभव भारतीय अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों की समझ प्रदान कर रहा है। पूरे सप्ताह का यह प्रशिक्षण क्लासरूम सत्रों, ऑन-आइस डेमो और परिस्थितिजन्य मूल्यांकन को शामिल करता है। इसका लक्ष्य प्रशिक्षित रेफरीज़ का ऐसा समूह तैयार करना है, जो आगामी डेवलपमेंटल प्रतियोगिताओं और स्थानीय टूर्नामेंटों को सटीक और पेशेवर तकनीकी समर्थन दे सके।कार्यक्रम के समापन के बाद प्रशिक्षित अधिकारी लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में लर्न-टू-प्ले गतिविधियों और शुरुआती सीज़न के क्षेत्रीय कैंपों में ऑफिशिएटिंग करेंगे।

## प्रयागराज के आमिर का उलटफेर, पूर्व राज्य चैम्पियन को हराया

एजेंसी
**प्रयागराज।** प्रयागराज के आमिर रईस ने उलटफेर करते हुए लखनऊ के पूर्व स्टेट चैम्पियन अनुज भार्गव को हराकर राजा राम कुमार भार्गव स्मृति राज्य स्तरीय बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप के अगले दौर में जगह बनाई। इसके अलावा प्रयागराज के अहयात अहमद, मोहम्मद फैजान, अली जहेब, शिकोहाबाद के प्रतीक चौधरी और लखनऊ के शोभित चंद्रा व अनुभव शुक्ला भी अगले दौर में पहुंचे। बिशप जॉर्ज स्कूल एंड कॉलेज में प्रतियोगिता के आठवें दिन प्रयागराज के आमिर रईस और लखनऊ के पूर्व स्टेट चैम्पियन अनुज भार्गव को 3-1 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। आमिर ने पहले फ्रेम में 61-39 अंक बढ़त बना ली थी। अनुज ने अपनी स्नूकर स्किल्स से 81-20 अंक से दूसरे फ्रेम जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। तीसरा फ्रेम गेम निर्णायक रहा। आमिर ने ग्रीन ब्लू और पिंक पॉट करके फ्रेम 71-44 से अपने नाम किया। चौथे फ्रेम आमिर ने 66-36 से खत्म किया और गेम 3-1 से जीत लिया। प्रयागराज के अहयात अहमद अली ने वाराणसी के कबीर करूविक को 3-1 से हराया। पहला फ्रेम कबीर ने 56-25 से अपने नाम किया अगले तीनों




फ्रेम हयात में क्रमशः 43-34, 87-77 और 55-13 से जीता। प्रयागराज के मोहम्मद फैजान ने गोंडा के अमरनाथ गुप्ता को 3-1 से हराया। अमरनाथ गुप्ता ने पहला फ्रेम 64-33 से अपने नाम किया। फैजान ने दूसरा तीसरा और चौथा फ्रेम क्रमशः 86-28, 74-31 और 62-27 से जीतकर अगले दौर में जगह बना ली। प्रयागराज के अली जहेब ने लखनऊ के गौतम सिंह को 3-2 से पराजित किया। पहले फ्रेम में गौतम को 77-46 से जीत मिली। अली जहेब ने 83-63 से दूसरा फ्रेम जीतकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। गौतम ने तीसरे फ्रेम में 55-31 से जीत दर्ज करके फिर 2-1 की बढ़त ले ली। अली ने चौथा फ्रेम 84-76 और पांचवा फ्रेम 72- 37 से जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। शिकोहाबाद के प्रतीक चौधरी ने कानपुर के अहमर अली को 3-0 से पराजित किया।

प्रतीक ने 58-16, 61-23 और 61-36 से तीनों फ्रेम जीते। लखनऊ के शोभित चंद्रा ने लखनऊ के ही अशर अबरार को 3-1 से पराजित किया। शोभित ने 64-4, 64-29, 69-37 और 55-14 से जीत दर्ज की। लखनऊ के अनुभव शुक्ला ने अलीगढ़ के बिलाल जैदी को 3-0 से पराजित किया। अनुभव ने 58-15, 81-9 और 58-39 से तीनों फ्रेम जीते।

## इंग्लैंड के महान क्रिकेटर 62 वर्षीय रॉबिन स्मिथ का निधन

एजेंसी
**पर्थ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज़ रॉबिन स्मिथ का पर्थ में उनके घर पर अचानक निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। स्मिथ को उनकी घुँघराली बालों के कारण द जज के नाम से जाना जाता था।

स्मिथ ने 1988 से 1996 के बीच इंग्लैंड के लिए 62 टेस्ट मैच खेले और 4,236 रन बनाए। उनका औसत 43.67 रहा और उनके नाम 9 टेस्ट शतक दर्ज हैं। उनकी पहचान का प्रमुख शॉट स्क्वेयर कट था।

उन्होंने 71 वनडे भी खेले और 1992 विश्व कप फाइनल तक पहुंचने वाली इंग्लैंड टीम का हिस्सा रहे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1993 में एजबेस्टन में खेली गई उनकी नाबाद 167 रन की पारी 2016 तक इंग्लैंड का एकदिनी रिकॉर्ड रही।

परिवार ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के माध्यम से बयान जारी किया कि रॉबिन सोमवार, 1 दिसंबर को अपने साउथ पर्थ स्थित अपार्टमेंट में अचानक चल बसे और मौत का कारण अभी



अज्ञात है। परिवार ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके शराब और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पुराने मुद्दों के आधार पर मृत्यु पर किसी तरह की अटकलें न लगाई जाएँ।

दक्षिण अफ्रीका के डरबन में ब्रिटिश माता-पिता के घर जन्मे रॉबिन स्मिथ बाद में अपने भाई क्रिस स्मिथ के साथ इंग्लैंड आए। उन्होंने 1988 में वेस्टइंडीज के खिलाफ हेडिंग्ले में टेस्ट डेब्यू किया। स्मिथ ने अपने करियर में दो टेस्ट शतक एशेज में और तीन वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाए, जिनमें 1994 में सेंट जॉन्स में बनाया गया 175 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। रिटायरमेंट के बाद वे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में बस गए थे और पिछले महीने पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट में भी मौजूद थे। कोच एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने उन्हें इंग्लैंड लायंस टीम को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित किया था।

ईसीबी अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, रॉबिन स्मिथ दुनिया के सबसे तेज़ गेंदबाजों के सामने मुस्कुराते हुए खड़े रहने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने अपने जज़्बे और दृढ़ता से इंग्लैंड क्रिकेट प्रशंसकों को गर्व और भरपूर मनोरंजन दिया।

## गुरु जंभेश्वर विवि मुरादाबाद की पुरुष क्रिकेट टीम ने जीएनडी विवि को 10 विकेट से हराया

**मुरादाबाद।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक भिड़ंत हुई। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद की पुरुष क्रिकेट टीम ने अपने पांचवें मैच में जीएनडी विश्वविद्यालय पंजाब को 10 विकेट से हराया। मार्क क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर यह मुकाबला खेला गया। जीएनडी विश्वविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। गुरु जंभेश्वर विवि की धारदार गेंदबाजी के सामने विपक्षी टीम टीम 18.2 ओवर में मात्र 110 रन पर ऑलआउट हो गई। गुरु जंभेश्वर विवि के विशाल तोमर ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए। सार्थक चौधरी ने तीन, अजय यादव ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जंभेश्वर विवि ने शानदार शुरुआत की।

टीम ने बेहतरीन संयम और प्रहारक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए बिना कोई विकेट गंवाए मात्र 11.4 ओवर में 10 विकेट से जीत दर्ज की। तुषार धारीवाल ने 36 गेंदों पर ताबड़तोड़ 69 रन बनाए। आकाश रावत ने 35 गेंदों पर नाबाद 38 रन की पारी खेली। टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर क्रीड़ा परिषद ने समस्त खिलाड़ियों, टीम मैनेजर एवं कोच को हार्दिक बधाई दी।

## प्रीमियर लीग 2025-26: एर्लिंग हॉलैंड ने रचा इतिहास, मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम को 5-4 से हराया

एजेंसी
**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी के स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड ने प्रीमियर लीग में सबसे तेज़ 100 गोल पूरे कर नया इतिहास रच दिया। उनकी इस उपलब्धि के बाद सिटी ने फुलहम के ज़बरदस्त दूसरे हाफ़ के संघर्ष को पीछे छोड़ते हुए रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत दर्ज की। सिटी की ओर से फिल फोडेन ने दो गोल दागे, तिज्जानी रीजेंडर्स ने एक गोल किया, जबकि सैंडर बर्ज का आत्मघाती गोल टीम के लिए मददगार रहा। इस जीत के साथ सिटी 28 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है। शीर्ष पर मौजूद आर्सेनल के 30 अंक हैं, जो बुधवार को ब्रेंटफोर्ड से भिड़ेगी। क्रेवन कॉटेज में सिटी 5-1 की बढ़त बना चुकी थी, लेकिन फुलहम ने दूसरे हाफ़ में जबरदस्त वापसी करते हुए तीन गोल दागे। सैमुएल चुकवुएज़े ने दो गोल किए, जबकि अलेक्स इवोबी ने एक गोल किया। इंजरी टाइम में जोस्को ग्वार्डिओल ने गोल लाइन पर शानदार बचाव कर सिटी को जीत दिलाई। हॉलैंड ने 17वें मिनट में बाएँ पैर से जोरदार शॉट लगाकर स्कोरिंग शुरू की। इसके बाद 37वें मिनट में रीजेंडर्स ने बढ़त दोगुनी कर दी। फोडेन ने 44वें मिनट में बॉक्स के बाहर से खूबसूरत शॉट लगाते हुए गोल किया। हाफ़ टाइम से ठीक पहले फुलहम




के एमिल स्मिथ रोवे ने डाइविंग हेडर से गोल कर अंतर कम कर दिया। दूसरे हाफ़ में फोडेन ने 48वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया और 54वें मिनट में बर्ज के आत्मघाती गोल ने सिटी को 5-1 की बड़ी बढ़त दिला दी। इसके बाद फुलहम ने 57वें, 72वें और 78वें मिनट में गोल कर मैच में रोमांच भर दिया, लेकिन सिटी ने अंतिम समय में बढ़त बचाए रखी। ग्रीलिश के गोल से एवर्टन की 1-0 से जीत, बोर्नमाउथ का घरेलू अपराजित रिकॉर्ड टूटा एवर्टन को जैक ग्रीलिश के दूसरे प्रीमियर लीग गोल की बदौलत बोर्नमाउथ के खिलाफ 1-0 से जीत मिली। यह जीत बोर्नमाउथ के इस सीज़न के घरेलू अपराजित रिकॉर्ड को भी तोड़ गई। एवर्टन की चार मैचों में यह तीसरी जीत है। टीम अब 14 मैचों में 21 अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि बोर्नमाउथ 19 अंकों के साथ 14वें स्थान पर है।

मैच में दोनों टीमों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन अंतिम तिहाई में गुणवत्ता की कमी दिखी। 78वें मिनट में कार्लोस अल्काराज़ ने मिडफ़ील्ड में गेंद छीनकर ग्रीलिश को पास दिया। ग्रीलिश के बॉक्स के बाहर से लगाए गए शॉट को डिफेंडर बाफ़ोडे डियाकिटे ने डिफ्लेक्ट कर दिया, जिससे गेंद नेट में चली गई और एवर्टन को जीत मिली।

जानकारी

# क्या आप भी चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं? जानें कितना सुरक्षित है फेस वैक्सिंग


कई महिलाएं चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं। जिन महिलाओं के चेहरे पर ज्यादा बाल होते हैं, वो चेहरे पर ब्लीच, थ्रेडिंग या वैक्सिंग कराती हैं। लेकिन जो महिलाएं चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं, उन्हें चेहरे पर वैक्सिंग कराने के साइड इफेक्ट्स के बारे में भी मालूम होना चाहिए। चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। यहां पर हम आपको बता रहे हैं कि चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय किन बातों का ध्यान जरूर रखें।

## चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय इन बातों का ध्यान रखें



- चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय जरा सी गलती होने पर चेहरे की खूबसूरती बिगड़ सकती है इसलिए चेहरे पर वैक्सिंग बहुत सोच-समझकर कराएं।
- चेहरे की त्वचा बहुत सॉफ्ट होती है और चेहरे पर वैक्सिंग कराने से चेहरे पर बहुत जल्दी झुर्रियां यानी रिंकल्स हो सकते हैं, इसलिए बहुत जरूरी हो तो ही चेहरे पर वैक्सिंग कराएं।
- वैक्सिंग से हेयर फॉलिकल्स को नुकसान पहुंचता है, जिससे चेहरे पर सूजन, दाग पड़ जाना, इंफेक्शन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
- यदि आपके चेहरे पर बाल कम हैं, तो वैक्सिंग की बजाय चेहरे पर ब्लीच कर लें।
- यदि आपके चेहरे पर बहुत मोटे बाल हैं, तो आपके लिए लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट बेस्ट है।
- यदि आप अपने हाथ-पैर की वैक्सिंग खुद घर पर ही करती हैं, तो भी चेहरे की वैक्सिंग खुद न करें, क्योंकि चेहरे की वैक्सिंग मुश्किल होती है। चेहरे की वैक्सिंग करते समय वैक्स का टेम्प्रेचर, वैक्सिंग स्ट्रिप की क्वालिटी आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है इसलिए हमेशा एक्सपर्ट से ही चेहरे की वैक्सिंग कराएं।
- वैक्सिंग कराते समय अपने स्किन टाइप का भी जरूर ध्यान रखें। यदि आपकी स्किन सेंसिटिव है, तो एक्सपर्ट से इस बारे में पहले ही डिस्कस कर लें, वरना चेहरे पर इंफेक्शन हो सकता है।
- चेहरे की वैक्सिंग कराते समय हाइजीन का विशेष ध्यान रखें, वरना चेहरे पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ सकती है।
- चेहरे पर वैक्सिंग कराने के तुरंत पहले या बाद में ब्लीच न करें, इससे आपके चेहरे को नुकसान हो सकता है। चेहरे पर ब्लीच करना है या नहीं इसके बारे में एक्सपर्ट से सलाह लें।
- वैक्सिंग कराने के बाद चेहरे पर वैक्सिंग लोशन या फेस सीरम लगाना न भुलें, वरना चेहरे पर रैशेज हो सकते हैं।
- वैक्सिंग कराने के तुरंत बाद धूप में न जाएं और न ही किचन में गैस के सामने खड़े होकर काम करें।
- जब तक जरूरत न हो, चेहरे पर वैक्सिंग न कराएं, जल्दी-जल्दी वैक्सिंग कराने से चेहरे की त्वचा को नुकसान हो सकता है।

# थोरेसिक स्पाइन के इलाज में एक नया आयाम वैट सर्जरी



**महानगरों की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी, सोने तथा चलने के तौर तरीकों में बदलाव की बदौलत पीठ तथा गर्दन दर्द के रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। एक मोटे तौर के अनुसार देश में हर सातवां व्यक्ति पीठ तथा गर्दन दर्द से परेशान है। पीठ तथा गर्दन दर्द के रोगियों में महिलाओं की संख्या काफी तादात में है। कमर दर्द के अनेक कारण हैं, लेकिन लगातार झुककर बैठना, रोजाना देर तक स्कूटर व मोटरसाइकिल चलाना, दफ्तर में झुककर काम करना और देर तक कंप्यूटर या टाइपराइटर पर काम करने वाले लोगों में यह दर्द ज्यादा होता है।**

वर्तमान समय में कंप्यूटर के बढ़ते इस्तेमाल के कारण गर्दन दर्द का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि देश के बड़े शहरों एवं महानगरों में कंप्यूटर के बढ़ते इस्तेमाल के कारण कमर दर्द से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यूं तो बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी कमर दर्द से प्रभावित हो सकते हैं। बढ़ती उम्र, भारी शारीरिक कार्य, लंबी अवधि तक एक ही स्थिति में काम करने वाले लोग (जैसे सेक्रेटरी, रिसेप्शनिस्ट, काल सेंटर के कार्मिक) भारी सामान उठाने वाले, वाइब्रेटर टूल आपरेटर आदि अधिक प्रभावित होते हैं। यदि इस के उपचार की बात की जाए तो कई प्रकार के उपचार भी मौजूद हैं। जैसे- बेड रेस्ट, इंजेक्शन, शल्य-चिकित्सा, स्पाइनल फ्यूजन, डिस्क प्रत्यारोपण, वर्टिब्रोप्लास्टी, पिन होल सर्जरी और मिनिमल इंवेसिव सर्जरी आदि। लेकिन हर उपचार की अपनी कुछ सीमाएं हैं। मगर अब वैट सर्जरी (वीडियो एसिस्टिड थोरोस्कोपी) नामक एक नई सर्जरी की शुरुआत की गई है।

### थोरेसिक स्पाइन की आम बीमारियां क्या हैं?

थोरेसिक स्पाइन में गर्दन व कमर की तरह कई सारी बीमारियां हो सकती हैं जैसे कि स्लिप्ड डिस्क, ट्यूमर, संक्रमण जैसे टी.बी., फेक्चर, कूबड़ इत्यादि। इन बीमारियों में सीने के पीछे कमर में दर्द व सीने में खिंचाव रहता है और ये दर्द कभी कभी नीचे पैरों तक भी जा सकता है। इसके साथ पैरों का सुन्न होना, चलने में मुश्किल व दैनिक क्रिया करम में दिक्कत पैदा हो सकती है। इन सभी कष्टों का कारण होता है नसों पर दबाव। अब वैट सर्जरी के द्वारा इस दबाव को आसानी से कम किया जा सकता है। इसके साथ-साथ कूबड़ के मरीजों की कमर का टेढ़ापन आसानी से दूर किया जा सकता है।

### वैट सर्जरी के क्या फायदे हैं?

वैट सर्जरी में एक पतली सी दूरबीन द्वारा सीने की रीढ़ की हड्डी तक पहुंचकर टीवी स्क्रीन पर देखते हुए, वो सारे आपरेशन संभव हो गए हैं जो कि पहले सीने को खोलकर संभव हो पाते थे। इसमें एक विशेष किस्म की बेहोशी करके मरीज के एक फेफड़े को पिचका दिया जाता है, जिससे कि बिना किसी रुकावट के ट्यूमर या डिस्क को आसानी से निकाला जा सकता है। यह पूरी सर्जरी केवल एक या दो घंटे में पूरी हो जाती है। इसका मुख्य फायदा यह है कि मरीज अगले दिन से चल फिर सकता है। खून बहने व संक्रमण का रिस्क नहीं होता और मरीज को तीन दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है, जिससे कि दवाईयां व अस्पताल का खर्च बच जाता है। वास्तव में यह सर्जरी बहुत ही उपयोगी व मरीजों के लिए एक वरदान के समान है।

**डॉ. सतनाम सिंह** छाबड़ा, सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली


## स्लिप्ड डिस्क किस उम्र में खतरा ज्यादा होता है

- आमतौर पर 30 से 50 वर्ष की उम्र में कमर के निचले हिस्से में स्लिप्ड डिस्क की समस्या हो सकती है।
- 40 से 60 वर्ष की आयु तक गर्दन के पास सर्वाइकल वर्टिब्रा में समस्या होती है।
- विशेषज्ञों के अनुसार अब 20-25 वर्ष के युवाओं में भी स्लिप डिस्क के लक्षण तेजी से देखे जा रहे हैं। देर तक बैठ कर कार्य करने के अलावा स्पीड में बाइक चलाने या सीट बेल्ट बांधे बिना ड्राइविंग करने से भी यह समस्या बढ रही है। अचानक ब्रेक लगाने से शरीर को झटका लगता है और डिस्क को नुक्सान हो सकता है।

### सामान्य लक्षण

- नसों पर दबाव के कारण कमर दर्द, पैरों में दर्द या पैरों, एडी या पैर की अंगुलियों का सुन्न होना।
- पैर के अंगूठे या पंजे में कमजोरी।
- स्पाइनल कॉर्ड के बीच में दबाव पडने से कई बार हिप या थाईज के आसपास सुन्न महसूस करना।
- समस्या बढने पर यूरिन-स्टूल पास करने में परेशानी।
- रीढ के निचले हिस्से में असहनीय दर्द।
- चलने-फिरने, झुकने या सामान्य काम करने में भी दर्द का अनुभव। झुकने या खांसने पर शरीर में करंट सा अनुभव होना।

### जांच और उपचार



दर्द लगातार बना रहना, एक्स-रे या एमआरआइ, लक्षणों और शारीरिक जांच से डॉक्टर को पता चलता है कि कमर या पीठ दर्द का सही कारण क्या है और क्या यह स्लिप्ड डिस्क है।जांच के दौरान स्पॉन्डलाइटिस, डिजेनरेशन, ट्यूमर, मेटास्टेज जैसे लक्षण भी पता लग सकते हैं।

सेहत

# मेथी के 16 फायदे

मेथी हर रसोई में मिल जाएगी, खाने का फ्लेवर बढ़ाने के साथ ही ये कई बीमारियों को भी दूर रखती है। ठंड के मौसम में मिलने वाले मेथी के पत्तों की सब्जी बनाकर खाएं। स्वाद में भले ही ये थोड़ी कड़वी होती है, मगर सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। खासकर महिलाओं के लिए। वैसे सर्फि मेथी के पत्ते ही नहीं, मेथी दाना भी सेहत का खजाना है। मेथी में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है।



- डिलीवरी के बाद महिलाओं को मेथी के लड्डू खाने को कहा जाता है। इससे प्रेग्नेंसी के बाद शरीर मजबूत बनता है और कमजोरी महसूस नहीं होती। ब्रेस्टफीड करानेवाली महिलाओं के लिए मेथी के पत्तों की सब्जी बहुत फायदेमंद होती है। मेथी कैल्शियम का भी बेहतरीन स्रोत है।
- पेट में जलन होने पर मेथी की सूखी पत्तियों और शहद को मिलाकर काढ़ा बनाएं। दिन में दो बार इसे पीने से पेट की जलन से राहत मिलती है।
- मेथीदाना को पीस लें और गुड़ में मिलाकर लड्डू बनाएं। ठंड के मौसम में रोजाना एक लड्डू खाने से सर्दी-खांसी की समस्या नहीं होगी।
- मेथी की सब्जी बनाकर खाएं। इससे डाइजेशन ठीक रहता है।
- मेथी बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करके हार्ट डिसीज के खतरे को कम करती है।
- मेथी डायबिटीज पेशेंट के लिए भी रामबाण से कम नहीं है. ये शुगर लेवल को कम करने में मदद करती है।
- यह शरीर से हानिकारक टॉक्सिंस को निकालने में मदद करती है।
- मेथी याददाश्त बढ़ाने में भी मददगार है।
- वजन कम करने में भी मेथी कारगर है। इसमें पाए जाने वाले फाइबर्स पेट के लिए फायदेमंद होते हैं।
- मेथी के दानों को रातभर पानी में भिगोकर रखें और सुबह खाएं, बहुत ज्यादा होगा।
- यदि स्किन प्रॉब्लम्स जैसे- रिंकल्स, ब्लैकहेड्स, पिंपल्स, ड्राईनेस आदि से परेशान हैं, तो मेथी की पत्तियों का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं और करीब 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।
- हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने में भी मेथी बेहद कारगर होती है।
- मेथी एक बेहतरीन घरेलू दवा का काम करती है। ये बुखार और कई अन्य मौसमी बीमारियों को ठीक करने में मदद करती है।
- मेथी के पत्तों से हर्ब टी बनाई जा सकती है, इसे पीने से दिमाग शांत और फ्रेश रहता है।
- मेथी में आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है, इससे शारीरिक कमजोरी दूर होती है।
- मेथी के नियमित सेवन से महिलाओं को पीरियड्स और मेनोपात के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलती है।

### मेथी सलाद

एक गड्डी मेथी को धोकर नमक लगाकर 30 मिनट रखकर पानी निचोड़ लें। फिर मेथी के पत्तों को बारीक काट लें। आधा-आधा कप बारीक कटे प्याज और टमाटर, मेथी, आधा टीस्पून लालमिर्च पाउडर, 1 टीस्पून तेल और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। तैयार मेथी सलाद का मजा लें।

### मेथी टमाटर

एक गड्डी मेथी को साफ करके काट कर उबाल लें। कड़ाही में 1 टेबलस्पून तेल गरम करके हींग, राई और जीरे का छौंक लगाएं। अब 1 टमाटर बारीक कटा हुआ, आधा-आधा टीस्पून धनिया पाउडर व लालमिर्च पाउडर डालकर 2 मिनट तक भूनें। 2-3 टेबलस्पून पानी डालकर एक उबाल आने पर मेथी व नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। धीमी आंच पर 5-7 मिनट पकने के बाद आंच से उतार लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत:आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6


**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू ...): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।


संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)
सलाहकार संपादक:
रिजवान सैफ खान
सह सपादक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,
सह संपादक: राम सिंह यादव
उक्त सभी पद अवैतनिक है

## काकुरो पहेली - 2667




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 2666 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज ने अभियुक्त से कहा-'तुम पर मोटर तेज चलाने का इल्जाम है. क्या तुम अपना इल्जाम स्वीकार करते हो?'
'जी हां, मीलार्ड, मगर ?'
'मैंने कोई अपराध नहीं किया.' अभियुक्त सफाई देते हुए बोला-'मेरी मोटर के ब्रेक खराब थे,इसलिये मैंने सोचा कि जल्दी से घर पहुँच जाऊं. कहीं ऐसा न हो कि कोई एक्सीडेंट हो जाए!'

□ □ □

एक सेठ बीमार पड़ गया.
डाक्टरों ने उसे राय दी कि वह विदेश जाकर दवा कराये तो उसने अपने मुंशी से पूछा-'मुंशी जी! विदेश जाकर दवा कराने में कितना खर्च होगा?'
'लगभग बीस हजार!'
'और क्रिया-कर्म में?'
'लगभग पांच हजार!'
'तो फिर इलाज से मरना ही ज्यादा फायदेमंद रहेगा.' सेठ ने ठण्डी सांस लेते हुए कहा.

□ □ □

रमेश ने महेश से पूछा-'जब सेब पेड़ से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ.'
महेश-'पागल था वह?'
रमेश-'वह कैसे?'
महेश-'आश्चर्य की बात तो तब होती जब सेब नीचे से ऊपर जाता.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 2667



**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 2666



## सूडोकु -2667

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2666 का हल



## शब्द पहेली - 2667



**बाएँ से दाएँ**

1.मन मोहने वाला-5
5.प्रस्थान करना,रवानगी-5
9.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10.तेल में पकाना-3
11.प्रेम,प्यार-2
13.थोड़ा,जरा-2
14.मैं का बहुवचन-2
15.उम्मीद करना-5
18.धन,संपदा-2
19.पक्षियों की चहचहाट-4
20.अभिप्राय-4
21.सद्,अच्छा-2
22.दम,ताकत-2
23.प्रकाशवान-4
26.ठसाठस-4
29.माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30.क्रोधित होना-2,3
33.विदेशी शराब-2
34.झुका हुआ-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.आखेट मंच-3
38.खुजली-3
41.मनमोहकता-5
42.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आकर्षक.चिताकर्षक-5
2.वैक्स,मधुज-2
3.अधिकार-2
4.फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5.जागरण-4
6.दीवार (अंग्रेजी-2)
7.मां के पिता-2
8.असफल-5
12.गर्भ,कोख-3
13.करामात-3
15.खातिरदारी -5
16.उद्देश्य-2
17.नामकरण-2,3
23.भूस्वामी-2,3
24.सही का विलोम-3
25.मृत्यु-2
27.इमामदस्ता-3
28.कांतिमान, चमकीला-5
31.उदारता,बड़प्पन-4
32.मालगोदाम-4
36.रत्न,नग-2
37.टी,चहा-2
39.याचिका,वाद (अंग्रेजी-2)
40.वहम,संदेह-2

शब्द पहेली -2666 का हल



सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी